तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 15 सितंबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास



13 घरेलू हिंसा और नशे से बचाव को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक







न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### आईजी ने थाना प्रभारियों की बैठक ली



**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग ने जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरना एसपी जितेन्द्र शुक्ला भी मौजूद थे। बैठक में सीएम विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों का पालन के लिए विशेष निर्देश दिए गए। बैठक में पुराने पेंडिंग मामले, डीजे बजाने वाले वाहनों पर सख्ती,थानों में आने वाले पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने की दिशा निर्देश, अपराधियों में पुलिस का खौफ, नशे का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई, सायबर क्राइम के बढ़ते मामलों पर गंभीरता, चिटफंड वाले केस, प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम पर बाउंड ओवर की कार्रवाई करने को कहा गया है। नकबजनी पर बाइक पेट्रोलिंग में जिओ ट्रैकिंग के माध्यम से गजेटेड ऑफीसरों को समीक्षा रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, वेदव्रत सिरमौर रिचा मिश्रा, पद्मश्री तंवर समेत राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारीगण मौजूद थे।

### नशे के कैप्सूल जब्त दो युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** नशे के कैप्सूल जब्त कर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुंठधाम मैदान में नशे का कैप्सूल बेचने की सूचना पर घेराबंदी कर शारदा पारा किशन चौक कैम्प 2 निवासी मोहम्मद अरमान राइन उर्फ चिल्ली, राजेश सिंह भुमिहार को अवैध रूप से नशील कैम्सूल बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद अरमान राइन के पास से 720 नग कैप्सूल और राजेश से 352 कैप्सूल कुल 1072 नग ओएचएम नशीली कैप्सूल जब्त किया गया। जिसकी कीमत10 हजार 700 रुपए रेपर समेत बरामद किया है।

### गांजा: अधेड़ गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषके झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कुंदरा पारा ग्रीन चौक दुर्ग निवासी केशव नाई को पुलिस ने पकड़ा है।

अंधेरगर्दी : पंडालों में गणपति दर्शन के लिए धड़ल्ले से हो रही अवैध वसूली

# पार्किंग, बिजली और झूले अवैध दर्शन के लिए 100 रु. तक वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में इन दिनों गणेशोत्सव की धूम है। जगह-जगह विशेष साज-सज्जा के बीच मेल-ठेले और आकर्षक झांकियां दर्शानार्थियों के मन को भा रही है। लेकिन कुछ गणेश समितियों ने भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए खिलवाड़ शुरू कर दिया है। इसकी आड़ में दर्शन के नाम पर अवैध वसूली शुरू कर दी गई है। वीआईपी, वीवीआईपी और सामान्य टिकट के नाम पर 20 रूप से लेकर 100 रुपए तक वसूले जा रहे हैं।

ट्विनसिटी में खासकर टाउनशिप वाले हिस्से में यह खेल जोरों पर चल रहा है। सोशल मीडिया पर इस अवैध वसूली को लेकर जमकर किरकिरी भी हो रही है। गणेश पंडाल संचालित करने वाली समितियां ट्रोल भी की जा रही हैं, लेकिन इसका कोई भी असर इन समितियों पर नहीं पड़ रहा है। इसे लेकर हरिभूमि ने लगभग 10 प्रमुख गणेश पंडालों की पड़ताल की। इसमें खुलासा हुआ है कि अवैध बिजली, अवैध पार्किंग और अवैध मेले-ठेले की आड़ में रोजाना लाखों रुपए का कलेक्शन किया जा रहा है। इस पर पूरा प्रशासनिक महकमा चुप्पी साधे हुए हैं। कहीं किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि इन गणेश पंडाल वाली समितियों ने टाउनशिप के सभी प्रमुख खेल मैदानों को कब्जा लिया है, जहां मेले-ठेले-झूले की आड़ में अपनी दुकानदारी सजा ली है। इसे लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, न ही प्रशासनिक अधिकारी इसे गंभीरता से ले रहे हैं। इसके कारण इन गणेश पंडाल में पहुंचने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन के नाम पर 500 से 1000 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। कुछ भक्त ऐसे भी हैं, जो शुल्क नहीं देने की वजह से बिना दर्शन लौटने मजबूर हैं। इतना ही सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर तेज आवाज में लाउड स्पीकर (डीजे) बज रहे हैं।





### इन जगहों पर गणेश उत्सव समितियों ने मचा रखी है लूट

हरिभूमि ने भिलाई के 10 ऐसे पंडालों का जायजा लिया, जहां गणेशोत्सव में भगवान के दर्शन के लिए पैसे लिए जा रहे हैं। झूले, खाने-पीने के सामान से लेकर अन्य दुकानें और पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। इनमें श्रीराम चौक खुर्सीपार, न्यू खुर्सीपार, सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-6, सेक्टर-7, सेक्टर-10 में संचालित गणेश समितियां इस कार्य में ज्यादा लिप्त हैं। इसके अलावा कुछ समितियों ने भगवान गणेश दर्शन के लिए कोई शुल्क नहीं रखा है, लेकिन मेले और अवैध पार्किंग के नाम पर वसूली जरूरी हो रही है।

### सड़क को बना दिया पार्किंग स्थल, रोज ट्रैफिक जाम



सामान्य तौर पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस शहर के लगभग सभी प्रमुख जगहों पर तैनात रहती है, लेकिन गणेशोत्सव जैसे आयोजन में ट्रैफिक पुलिस के जवान खोजने पर भी नजर नहीं आ रहे। सेक्टर-7, सेक्टर-10 से लेकर सेक्टर-2 और आगे सेक्टर-1 तक सड़क पर दोनों तरफ अवैध रूप से वाहन खड़े हो रहे हैं। इसके एवज में 20 रुपए से लेकर 50 रुपए तक का पार्किंग शुल्क भी वसूला जा रहा है। पार्किंग शुल्क कौन वसूल रहा है, किसके कहने से यह अवैध वसूली हो रही है। इसके बारे में कहीं कोई जानकारी देने वाला नहीं है। बस धड़ल्ले से वसूली का खेल चल रहा है।

### गणेश पंडाल पर मेहरबानी क्यों?

**गाइड लाइन की जारी**

प्रशासन द्वारा गणेश पंडालों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। सभी को उसका पालन करना है, जैसा आप बता रहें हैं, इसके लिए पुलिस और निकायों को निर्देशित किया जाएगा। ताकि व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। फिलहाल हमारे पास इस तरह की शिकायत नहीं है। फिर भी आपके बताए अनुसार जांच कर नियमत: कार्रवाई की जाएगी।

**मुकेश रावटे,** एसडीएस दुर्ग

### कटिया लगाकर रोशन किए जा रहे पंडाल

शहर के अधिकांश गणेश पंडालों में इस समय कटिया के जरिए बिजली सप्लाई हो रही है। धड़ल्ले से बिजली चोरी हो रही है, लेकिन कहीं कोई कार्रवाई बिजली विभाग के अफसरों द्वारा नहीं की जा रही है। बता दें कि बिजली कंपनी द्वारा ऐसी बिजली चोरी को रोकने के लिए विजलेंस (उड़नदस्ता) की टीम गठित की गई है। इस टीम का काम है कि जहां कहीं भी शिकायत मिले, वहां पहुंचकर ऐसी बिजली चोरी को रोके और कार्रवाई करे। इतना ही नहीं नियमित रूप से खुद भी निरीक्षण करे, लेकिन इस मामले में कहीं कोई जांच या कार्रवाई बिजली कंपनी के अधिकारी नहीं कर रहे हैं।

### इंदिरा मार्केट सड़क का बुरा हाल

इधर दुर्ग के इंदिरा मार्केट का भी हाल बुरा है। यहां पटेल चौक से पोलसाय पारा चौक तक सड़क के एक तरफ 9 से ज्यादा गेट बना दिए गए हैं। गेट पूरी तरह से अवैध हैं। पुराना बस स्टैंड के सामने तो बड़ा सा स्वागत द्वार बना दिया गया है। इसके कारण लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कतें हो रही हैं। इंदिरा चौक के आसपास अवैध पार्किंग ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। लगातार शिकायत के बाद भी न निगम कार्रवाई कर रहा है, न ही प्रशासनिक अधिकारियों ने ध्यान दिया है। न ही इसे लेकर स्थानीय विधायक व महापौर गंभीर है। इसके कारण रोजाना लोग खासे परेशान हो रहे हैं।

सुपेला थाना क्षेत्र की घटना

## ट्रॉली बैग का लॉक खुलवाने गए युवक के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्राली बैग में लगा पासवर्ड नहीं खुलने पर उसे खुलवाने पहुचे युवक के बैग से सोना चांदी के जेवरात पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि अमन कुमार टंडन अपनी ट्रॉली बैग का पासवर्ड लॉक खुलवाने 8 सितंबर की शाम नेहरूनगर चौक पर स्थित एक ताला चाबी दुकान में पहुंचा। जहां के दुकानदार मोहम्मद हसमत ने कहा कि उसे लॉक ठीक करने में करीब आधा घंटा लगेगा। इस पर लॉक ट्रॉली बैग को उसकी दुकान पर छोड़कर पीड़ित काम से निकल गया। 15 मिनट बाद ही दुकानदार मोहम्मद हसमत ने पीड़ित को कॉल करके ट्रॉली बैग का लॉक ठीक होने की जानकारी दी। तब पीड़ित दुकान जाकर बैग ले आया। घर पहुचमने पर बैग खोलकर देखने पर कपड़ा सही सलामत मिला। मगर लाल रंग का ज्वेलरी बैग जिसमें सोने का

▪ बैग में मंगलसूत्र समेत अन्य जेवरात थे, शिकायत के बाद पुलिस जांच कर रही

मंगलसूत्र गायब मिला। जिसे लेकर पीड़ित ने शंका जताया कि उक्त जेवरात को दुकानदारके पास हो सकता है। जिसकी जानकारी लेने पीड़ित दुकान दार के पास पहुचे लेकिन उसने जेवरात को लेकर इंकार कर दिया। परेशान होकर घटना की शिकायत पुलिस से की गई।

## मीडियाकर्मी पर जानलेवा हमला साजिशकर्ता देवानंद को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मीडिया कर्मी पर जानलेवा के साजिशकर्ता को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

उतई थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 333,109,3 (5) बीएनएस के प्रकरण दर्ज किया गया था। मीडियाकर्मी किशन हिरवानी पिता विष्णु हिरवानी बंजरग चौक सेलूद पर जानलेवा हमला करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद मास्टरमाइंड आरोपी देवानंद साहू उर्फ देवा घटना के बाद से फरार था। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी देवानंद साहू को गिरफ्तार किया है। जिसे जेएमएफसी न्यायालय पाटन में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस मामले में भावेश साहू निवासी

▪ उतई पुलिस ने पहले ही पांच आरोपी को पकड़ा

खोपली, भुवनेश्वर आग्नेकर निवासी गोंडपेण्ड्री, ऋषि ठाकुर निवासी गोंडपेण्ट्री, राकेश मारकण्डे निवासी गोंडपेण्ड्री एवं यतीश चन्द्राकर निवासी खोपली को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बाधा उत्पन्न करने वाले खिलाफ होगी कार्रवाई

## हाईकोर्ट के आदेश: हुडको में गार्डन निर्माण का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हुडको कालीबाड़ी के सामने स्थित खाली जमीन को लेकर दो पक्षों में लंबे समय से विवाद चल रहा है। मामला हाईकोर्ट पहुंचा और उस खाली जमीन पर गार्डन बनाने का निर्देश जारी हुआ। वहां पौध रोपण के बाद जब फेंसिंग की बारी आई तो कुछ लोगों ने अड़ंगा डालते हुए काम को रुकवा दिया था। हाईकोर्ट ने इस मामले में जारी आदेश में कहा है कि उक्त खाली जमीन पर गार्डन और फेंसिंग कार्य के दौरान जो भी व्यक्ति बाधा डालेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इस मामले में 1 सितंबर रविवार को दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया था। वहीं फेंसिंग लगाने को आए मजदूरों की भी भागा दिया गया था। सूचना पर पहुंची नायब तहसीलदार ख्याति नेताम ने दोनों पक्षों को दिशा निर्देश देते हुए हाई कोर्ट का अगला आदेश आने तक फेंसिंग कार्य को रुकवा दी थी। 9 सितंबर को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने आदेश जारी किया कि हुडको कालीबाड़ी के सामने स्थित खाली जमीन पर गार्डन का निर्माण करने के साथ ही फेंसिंग कार्य भी किया जाना है और घास भी लगाना है। हाई कोर्ट के निर्देशानुसार इस कार्य को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करना होगा। हुडको कालीबाड़ी के जनरल सेक्रेटरी रूपक दत्ता ने बताया कि हाई कोर्ट इसे लेकर निर्देश जारी किया है।

विधायक रिकेश ने की अपील

## पितृ पक्ष से पहले गणेश प्रतिमाओं का करें विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा की सभी गणेश उत्सव समितियों से अपील की है कि वो अनंत चतुर्दशी तक भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन अवश्य कर लें।


विधायक ने कहा कि पितृपक्ष के दौरान घर-घर में मृत आत्माओं की शांति पूजा की जाती है। इसलिए पितृपक्ष में भगवान की प्रतिमा का विसर्जन नहीं करना चाहिए। गणेश स्थापना के 11वें दिन अनंत चतुर्दशी को प्रतिमाओं का विसर्जन करना शास्त्र सम्मत है, क्योंकि पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होता है, जो अमावस्या तक चलता है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार पितृ पक्ष के 16 दिन तक मृत आत्माओं यानि पितरों को पूजने का विधान है, इसलिए इस दौरान भगवान की प्रतिमा विसर्जित नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुरूप शास्त्र सम्मत ढंग से गणेशजी विसर्जन के आयोजन को भी निश्चित समय अनुरूप शासन-प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए किया जाए।

## डीएवी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा, दो छात्र को लगी चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डीएवी स्कूल के छत का प्लास्टर अचानक गिरने से दो स्कूली छात्र को चोट आई है।

घटना शनिवार की है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी टाउनशिप में स्थित सेक्टर 2 के डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 की क्लास का प्लास्टर अचानक भरभरा के गिर गया। घटना क्लास चलते समय हुआ। दो छात्र समर और राघव को मामूली चोट आई है। दोनों को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल पहुचाया गया। स्कूल प्रबंधन ने घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। मौके पर नगर निगम भिलाई की टीम भी



▪ घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया

पहुची थी। कक्षा की बिल्डिंग का भौतिक निरीक्षण किया। डीईओ कार्यालय से लेखाधिकारी राजेश ओझा भी डीएवी स्कूल पहुंचे। उन्होंने बताया कि डीईओ ने सेक्टर-2 स्कूल में छत का छज्जा गिरने की जानकारी दी। उनके निर्देश पर स्कील पहुचा। कमरे में यह घटना घटित हुई उस कमरे का अवलोकन किया और एक हिस्सा जो है छत का, वो गिरा हुआ है। इस कारण वहां बैठे दो चौथी क्लास के बच्चे राघव और समर के हाथों में हल्की चोट आई है। प्राइमरी ट्रीटमेंट देने के बाद उनके पालकों को स्कूल बुलाया गया। लेखाअधिकारी ने स्वयं दोनों के पालको से बातचीत किया। बच्चे ठीक हैं। स्कूल प्रबंधन ने पूरे स्कूल की बिल्डिंग का तकनीकी विशेषज्ञ से परीक्षण कराया है।

### एटीएम से पांच की जगह दो हजार के नोट उगले

**भिलाई।** बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से 500 रुपए निकालने गए ग्राहकों को 2000 रुपए का नोट निकलने लगा। जिसे लेकर एटीएम में लोगों की जमकर भीड़ लग गई। घटना लक्ष्मी मार्केट सुपेला का है। सूचना पर बैंक मैनेजर एटीएम बंद करने पहुंचने पर उनके साथ ग्रहकों ने धक्का मुक्की कर दी। मौके पर पहुंची सुपेला की मदद से एटीएम को बंद कराया गया। तब जाकर माहौल शांत हुआ।

सात मरीज रिफर, हालत बिगड़ता देख हेल्थ विभाग के अफसर पहुंचे

# किकिरमेटा में डायरिया, 39 नए उल्टी-दस्त के मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम किकिरमेटा में उल्टी-दस्त के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। एक दिन पहले शुक्रवार को जहां 17 मरीजों में डायरिया के मामले सामने आए, वहीं शनिवार को यह संख्या और बढ़ गई। शनिवार को 39 नए मरीज मिले हैं। स्थिति को बिगड़ता देख स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, एमओ रानीतराई देवानन्द बंजारे ने किकिरमेटा का निरीक्षण किया। शनिवार कुल 39 नये मरीज मिले है, जिसमें 2 मरीजों को रिफर किया गया है। इससे पहले 5 मरीज रिफर किए गए थे। घर-घर सर्वे कार्य आरएचओ एवं मितानिन द्वारा किया जा रहा है। गंभीर प्रकार के मरीजों के घर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच रही है। क्लोरीनेशन एवं दवाई, ओआरएस का वितरण किया जा रहा है। ग्राम सरपंच, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को स्वच्छता रखने एवं पेयजल व्यवस्था को देखने के निर्देश दिए गए हैं। कोटवार से मुनादी करवाने कि बासी भोजन, गंदा पानी, भाजी, मास मछली, सड़े हुए फल इत्यादि खाने से मना करना। खाने के पहले- शौच के बाद साबुन व पानी से हाथ धोने एवं पानी छानकर, उबाल कर पीने की सलाह दी गई।



### सिलोदा-खपरी में भी फैल चुका है डायरिया

निकुम ब्लॉक के अंतर्गत सिकोला-खपरी में 7 सितंबर से डायरिया फैला था। इससे 43 लोग प्रभावित हुए। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में हैं। बता दें कि अचानक से खपरी-सिलोदा में उल्टी-दस्त के मरीज बढ़ गए थे। इसके बाद हेल्थ विभाग ने कैम्प लगाया। पूरे गांव में सर्वे कराया गया। इसके बाद हालत सुधर पाए।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

# निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



शनिवार को एनएसपीसीएल ( सीएसआर मद) से पहली बार निगम रिसाली के वार्ड 37 ,जोरातराई में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई में आहाता संधारण का निर्माण किया गया था। जिसका शनिवार को शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर एनएसपीसीएल के जीएमएंड बीयूएम सोमनाथ चट्टोपाध्याय , एजीएम कमलकांत ,डीजीएम परिमल सिन्हा मैनेजर, सरफराज आलम, वार्ड पार्षद हरीश नायक, भाजुमो मण्डल उपाध्यक्ष गांधी बाग, एचएम दिलीप कुमार वर्मा, सरिता नायक एसएमसी अध्यक्ष खिलेश्वर देवांगन , परशुराम साहू , नीलकंठ साहू, फुलेश्वरी वर्मा, रानू राते , गौरी साहू, भारती साहू, अंजनी मोंगराज, सेवंतीन देशमुख, पंकजनी बेहरा, दुर्गा साहू, पुष्पा तांडी, सिपरानी बेहरा, अनुसुइया, चांदनी ढीमर शिक्षक आदि मौजूद थे।

- सीएसआर मद से शापूमा शाला जोरातराई का हुआ संधारण

# केजरीवाल के जमानत में रिहा होने पर आप ने मनाया जश्न



**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद दुर्ग में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। आप नेता कमलनारायण शर्मा, देविंदर सिंह भाटिया, प्रदेश अध्यक्ष संजीत विश्वकर्मा,सुब्रत विश्वास , सतीश साहू, ज्ञान प्रकाश तिवारी , चुम्मन लाल साहू, मोहसीन अहमद, असलम खान, मनहरण लाल साहू, किशन लाल साहू, बबलु कुर्रे,अनिल प्रजापति, जसप्रीत सिंह ,अजय रामटेके,राजकुमार वर्मा,चन्द्रशेखर साहू,शिवा शेट्टी, सुदामा यादव,महेंद्र वर्मा,त्रिलोक यादव,राजा निर्मलकर ,रामकुमार सारथी, भूरू यादव,धर्मेंद्र चौधरी, अविनाश गायकवाड़ ,रामकुमार वर्मा,रामसिंग ठाकुर, बंसीलाल, गजाधर दास वैष्णव, जय सिंह, मन्नू यादव, राकेश, राजा साहू, संदीप सिंह, धर्मेंद्र, गौरव राम, उमेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

# तीर्थयात्रियों का किया गया सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



शनिवार को ग्राम केसरा पाटन ब्लॉक में अयोध्या तीर्थ यात्रियों का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव एवं कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा के द्वारा केसरा गांव के 11 बुजुर्ग नागरिकों को अयोध्या तीर्थ स्थल भ्रमण अपने खर्चे से भेजा गया था। उन नागरिकों को रेलवे स्टेशन से उनके गृह ग्राम केसरा तक ससम्मान पहुंचाया गया। बुजुर्ग नागरिक जो अयोध्या भ्रमण में गए थे। बुजुर्ग नागरिक में राजाराम सिन्हा, संजय साहू, बृजमोहन यादव, रामजी सिन्हा, परीक्षित, मानिक लाल सिन्हा, राजेंद्र निर्मलकर, रामदयाल सिन्हा, पैकराम, फागूराम, कैलाश निषाद थे। सम्मान कार्यक्रम गांव केसरा के पंचायत भवन में किया गया। सरपंच भागवत सिन्हा एवं उप सरपंच नरेंद्र कुमार साहू शामिल थे।


- ग्राम केसरा पाटन के 11 तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत











## लगातार स्किल बेहतर करना समय की मांग है।

हमारे देश में हर साल लगभग 15 लाख लोग बी.ई. या बी.टेक करते है। जे.ई.ई. जैसी कठिन परीक्षा में उच्च रेंकिंग लाने के बाद आई.आई.टी जैसी संस्थानों से अपना ग्रेजुएशन पूरा करने के पश्चात भी केवल चार में से दो-तीन इंजीनियर ही उचित नौकरी पा रहे है। इसके अलावा सैकड़ो नये आई.आई.टी/एन.आई.टी./आर.ई.सी./ प्राइवेट विश्वविद्यालय आई.टी.आई, पॉलिटेक्निक, बी.ई., बी.टेक, एम.ई., एम.टेक आदि का डिग्री, डिप्लोमा और सर्टीफिकेशन दे रहे है। लेकिन उद्योगों का कहना है कि इनमें से केवल एक तिहाई ही उद्योग में काम करने लायक ज्ञान या स्किल रखते है। तो क्या ये माना जाये कि उद्योगों को भी आई.आई.टी. स्तर की तकनीकी शिक्षा का पाठ्यक्रम भी उपयोगी नहीं लग रहा या फिर जॉब मार्केट कुछ और ही तस्वीर दिखा रहा है। यहां गौर करने लायक ये भी है कि आज तकनीकी बदलाव का प्रवाह इतना तेज है कि युवा इंजीनियर के ज्ञान की 'शेल्फ लाइफ' केवल दो-तीन साल रह गई है। मतलब इंडस्ट्री में बने रहने के लिये हर दो-तीन साल के बाद 'अप-स्किलिंग' बहुत जरूरी है चाहे वो किसी भी प्रकार की टेक्नीकल शिक्षा प्राप्त कर रहा कोई विद्यार्थी हो या इंडस्ट्री में कार्यरत कोई कर्मचारी। विदेशों में तो कई इंडस्ट्री या उनको शाखायें अपने कर्मचारी को हर पांच साल में एक बार ज्ञान अपग्रेडेशन या 'अप-स्किलिंग' का मौका प्रदान करते है और उसी के अनुसार उस कर्मचारी के प्रमोशन अथवा तनख्वाह या उपलब्ध सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जाती है। पर ऐसा शायद अभी भारत में नहीं है। इसीलिये हमारे बेरोजगारी के आंकडे दिन पर दिन बढ़ते जा रहे है क्योंकि लगभग हर पांच-छः साल में कई कर्मचारी उद्योगों के लिये अनउपयोगी होते जा रहे है।

**इंजीनियर्स दिवस पर सभी क्षेत्रों के इंजीनियर्स का हार्दिक अभिनंदन।**



# छग की लोक संस्कृति को देश दुनिया में बिखेर रही है रंग झरोखा की टीम

**रंग झरोखा का सांस्कृतिक यात्रा का सफर शुरू, दुष्यंत पूरी टीम के साथ देते है प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अपनी कला के माध्यम से प्रदेश व देश के कोने-कोने तक प्रसारित कर रही छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा की इस सीजन की कला यात्रा 15 सितंबर से प्रारंभ हो रही है। गणेश व नवरात्र पक्ष में विभिन्न जगहों पर प्रस्तुतियां दी जाएगी। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को मंचों के माध्यम से प्रस्तुति देने वाली संस्था के कलाकार नई गीतों व नृत्यों पर लगातार कार्यशाला आयोजित कर अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। संस्था के संचालक प्रसिद्ध संगीत निर्देशक दुष्यंत हरमुख व गायिका स्वर साम्राज्ञी रिंकी देवांगन के साथ कलाकार आगामी कार्यक्रमों की तैयारी में पूरी तरह से जुट गए हैं।

### यहां होंगे कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा की प्रस्तुति 15 सितंबर को भैसा (बलौदा बाजार), 16 गोढ़ी कुम्हारी, 17 सितंबर को रौचन (कवर्धा), 19 सितंबर को चारामा में दी जाएगी। इसी तरह 4 अक्टूबर को अमलीपदर, 05 अक्टूबर को माड़ी धाम (राजनांदगाव), 6 अक्टूबर को कुरुद, 7 अक्टूबर को सुहेला, 8 अक्टूबर को कोड़का छुईखदान, 9 अक्टूबर को सहसपुर लोहारा, 10 अक्टूबर को सल्हेटोला (चारामा), 11 अक्टूबर को रसमड़ा, 12 अक्टूबर को टिकरापारा (रायपुर), 13 अक्टूबर को उमरपोटी, 14 अक्टूबर को ढाबा (गंडई), 15 अक्टूबर को केसकाल, 16 अक्टूबर को परसाडीह (जैजैयपुर), 20 अक्टूबर को घोटिया (बालोद), 3 नवंबर को हल्दी (बेलौदी), 4 नवंबर घटियाकला (अहिवारा), 5 नवंबर रिसामा, (अंडा), 14 नवंबर मोखला (राज.), 22 दिसंबर तेंदुआ (रायपुर), 19 जनवरी 25 नंदिनी खुदनी कार्यक्रम आयोजित होगा।



### फूहड़ता से दूर है रंग झरोखा

रंग झरोखा एक ऐसी संस्था है जो फूहड़ता से दूर है। इन दिनों कई ऐसी संस्थाएं हैं जो फूहड़ता के लिए प्रसिद्ध है लेकिन रंग झरोखा की सारी प्रस्तुतियां संस्कारवान होती है। प्रहसन भी इस तरह होते हैं जो लोगों को तो गुदगुदाते ही हैं, छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अलावा जन जागरूकता को लेकर बेहतर संदेश देने वाले भी होते हैं। प्रत्येक गीत किसी विशेष भाव को लिए हुए होती हैं। भाव पक्ष के कलाकार मंचों पर इसे बेहतरीन बना देते है।

### अभ्यास से निखरती है कलाकारों की प्रतिभा

रंग झरोखा में गीत से लेकर संगीत व नृत्य पक्ष के सारे कलाकार मंजे हुए कलाकार हैं। प्रस्तुति के पहले लगातार अभ्यास से कलाकारों की प्रतिभा और निखर जाती है। संस्था प्रत्येक वर्ष नई-नई गीतों की प्रस्तुति देने के लिए प्रसिद्ध है। यही वजह है कि कई जगहों पर यह आयोजन प्रत्येक वर्ष होता है। संस्था के संचालक दुष्यंत हरमुख कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों में संगीत का निर्देशन कर चुके हैं। वे प्रमुख गायक के रूप में भी संस्था में अपनी प्रस्तुति देते हैं, संस्था की प्रमुख गायिका रिंकी देवांगन की आवाज से श्रोतागण झूम उठते हैं। संस्था की सभी प्रस्तुतियां छत्तीसगढ़ी संस्कृति को जन-जन तक प्रसारित करती दिखती है।

## खबर संक्षेप



### महाराजा गणेशोत्सव में शामिल हुए विधायक

**भिलाई।** महाराजा चौक न्यू आदर्श नगर में श्री गणेश चतुर्थी व श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति की 15वीं वर्षगांठ पर आयोजित महाआरती और महा प्रसादी कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। साथ ही श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति को 15वें वर्षगाठ की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## निधन

### सरोज मेश्राम



**भिलाई।** नया आमापारा दुर्ग निवासी सरोज मेश्राम का लम्बी बीमारी के कारण इलाज के दौरान गंगोत्री अस्पताल दुर्ग मे निधन हो गया। वे अनिल मेश्राम व बी आर कठाने की करीबी रिश्तेदार थी। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम मे किया गया।

### मिशन वात्सल्य पर जिला स्तरीय कार्यशाला

# घरेलू हिंसा और नशे से बचाव को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा/उतई

परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत धनोरा में जिला स्तरीय मिशन वात्सल्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें घरेलू हिंसा, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, गुड टच बैड टच, स्पॉन्सरशिप, दत्तक ग्रहण और फास्टर केयर के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी प्रीति बाला शर्मा ने घरेलू हिंसा के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि एक ही छत के नीचे साझी गृहस्थी में निवासरत कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक हिंसा करता है। अगर कोई महिला इस तरह से पीड़ित है, तब आंगनवाड़ी, परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय या सखी वन स्टाफ सेंटर से संपर्क करके अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। चाइल्ड लाइन की टीम से आशीष ठाकुर एवं प्रकाश चंद्र पटेल ने बताया कि 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों की सहायता के लिए 24*7 टोल फ्री नंबर 1098 पर भारतवर्ष में कहीं भी कॉल किया जा सकता है। यह नंबर चार अंकों का इसलिए रखा गया है ताकि बच्चों को आसानी से याद हो सके और मुसीबत के समय बच्चे इस नंबर पर मदद ले सकें।




### महिलाओं को मिले कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार की जानकारी देते हुए पं. विभा मिश्रा ने बताया कि दुनिया में कोई भी ऐसी समस्या नहीं है, जिसका समाधान संभव नहीं है। घर के छोटे-छोटे कलह को आपसी सुलह से खत्म किया जा सकता है। अगर बहुत जरूरी हो तभी न्यायालय की शरण लेनी चाहिए। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण उषा झा, दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक देवकी साहू, रेखा लोनारे, इंदू मिश्रा,प्रमिला वर्मा, सोनल सोनी,ममता साहू, तृप्ति शर्मा ,उतई एवं हनोदा सेक्टर की सभी कार्यकर्ताएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी रही।

### हर जरुरतमंदों की मदद के लिए काम कर रही संस्था

यह संस्था सीएनसीपी बच्चे जिन्हे उचित देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता होती है, उनको संरक्षण प्रदान करते हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा एक युद्ध नशे के विरुद्ध, फास्टर केयर के विषय पर चर्चा लोकमणि साहू एवं सीता कन्नौजे द्वारा की गई। इसमें उन्होंने बताया कि किसी भी बालक को नशीले पदार्थ देने या बेचे जाने हेतु बाध्य करना, भिक्षावृत्ति करवाना एक दंडनीय अपराध है। स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के परिवारों को अनुपूरक सहायता के रूप में शासन के द्वारा धनराशि प्रदान किया जाता है। इसके साथ-साथ गुड टच बैड टच के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। पालकों के द्वारा अगर बच्चों को छोटे उम्र में ही इस बारे में जागरुक कर दिया जाए तो बहुत सारी अनचाही स्थितियों से बचा जा सकता है।

### डेंगू व मलेरिया उन्मूलन को लेकर अभियान



**कुम्हारी ।** विगत दिनों पालिका क्षेत्र में स्वाइन फ्लू और डेंगू के मरीज पाए गए थे, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सीएमओ नेतराम चंद्राकर ने वार्ड-10 शंकर नगर स्थित नहर सफाई तथा सघन डीडीटी छिड़काव का कार्य शुरू कराया। सफाई व्यवस्था निरीक्षण में मुख्य नगरपालिका परिषद अधिकारी के साथ अधिकारी हरि किशन पावरिया भी फील्ड पर पहुंचे। उन्होंने रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य नगरपालिका परिषद अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत सभी वार्डों में सफाई स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई है। इसे लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

### पोषण पखवाड़ा आयोजित



**सेलूद।** पोषण माह के अंतर्गत शुक्रवार को प्रिज्म कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम महकाखुर्द के आंगनबाड़ी में थीम पोषण भी और पढ़ाई भी के तहत एक दिवसीय पोषण से संबंधित कार्यक्रम रखा गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. अंजना शरद ने गवर्नमेंट की इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके पश्चात असिस्टेंट प्रोफेसर रेखा नामदेव ने पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी और अपने भोजन में विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों को शामिल करने के बारे में भी बताया। पोषण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा कुछ कार्यक्रम एवं एक्टिविटी रखी गई, जिसमें गर्भवती माताओं को गेम शो करवाया गया एवं आनंदपूर्वक अंताक्षरी की प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विजेता महिलाओं को इनाम भी दिया गया।

## ग्रामीण की खबरे

### कृष्ण का दुबई में हुआ सम्मान

**पाटन।** दुर्ग जिला के पाटन नगर पंचायत के कृष्ण कुमार देवांगन



एलआईसी एडवाइजर का दुबई में सम्मान किया गया। 27 अगस्त से 4 सितंबर तक दुबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मिलियन डालर राउंड टेबल ग्लोबल कम्फ्रेन्स में भाग लिया। एमडीआरटी बीमा जगत में एक अंतराष्ट्रीय फाउंडेशन है जिसका मुख्यालय अमेरिका में है। वहीं कृष्ण कुमार देवांगन भारतीय जीवन बीमा निगम में लाईफ एड़वाईजर के रूप में कार्य करते है। वे पिछले 7 सालों से लोगों के सेवा प्रदान कर रहे है। इनके माध्यम से लोगो को भारतीय जीवन बीमा कंपनी के रूप में जागरूकता करने की कार्य करने में महारथ हासिल किए है।

### शिक्षक शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित




**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमेरी से लगातार दूसरे वर्ष भी मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार सम्मान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। प्रथम वर्ष आदित्यनारायण वर्मा, इस वर्ष साखीराम साहू सहायक शिक्षक ने नवाचार, खेल-खेल में शिक्षा,विविध गतिविधियों, रोचक खेल, बाल केन्द्रीत शिक्षा, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीज-तिहार का प्रस्तुतिकरण आदि कार्यक्रम शामिल है। इस पुरस्कार में विशेष योगदान बच्चों और मार्गदर्शक शिक्षकों,साथ ही परिवार के सदस्यों का विशेष योगदान रहा है। संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा का भी विशेष योगदान रहा है। प्रधानपाठक सम्मानीय देवलाल पटेल, अरूण कुमार मरकाम, शिक्षक मुकेश कुमार वर्मा, आदित्यनारायण वर्मा, प्रीति शुक्ला, टिकेश्वरी वर्मा ने बधाई दी।

### मना वजन त्योहार, पोषण की दी जानकारी

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र 2 भाठापारा अखरा में



वजन त्यौहार मनाया गया। केन्द्र 2 आंगनबाड़ी के समस्त 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन किया गया। राजिस्टर में वजन रिकार्ड किया गया। पोषण माह पखवाड़ा के अंतर्गत पौष्टिक भोजन, साफ सफाई , स्वच्छ, खान पान के विषय पर जानकारी दी। समूह की अध्यक्ष सीता देवांगन ने बताया कि आंगनबाड़ी के बच्चों का सेल्फी जोन से फोटो लिया गया। इस अवसर पर संचनालय रायपुर सुमित गंडरेचा परियोजना अधिकारी पाटन, कंचन महतो सुपरवाईजर, सीता देवांगन अध्यक्ष लक्ष्मी समूह पाटन पालकगण रेखा ठाकुर, गीता वर्मा, लता वर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र 02 लता कश्यप, शिवकुमारी भोई कार्यकर्ता धनेश्वरी यादव, कार्यकर्ता रेखा कुर्रे, सहायिका पूर्णिमा सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## बिजनेस साइट

### एफएनएसी और छोटी बायप्सी थी, जांच में कैंसर की पुष्टि

**भिलाई।** कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही आधी जान निकल जाती है। एक ऐसी ही मरीज का



हाइटेक में ऑपरेशन किया गया। 35 वर्षीया इस महिला के बाएं स्तन में एक गांठ थी। एफएनएसी जांच में कैंसर की पुष्टि नहीं हो पाई। इसके बाद छोटी बायप्सी की गई। उसके नतीजे भी निगेटिव ही आए। सर्जन की सलाह पर महिला ने गांठ को निकलवा दिया। सर्जन का अंदेशा सही निकला। एक्सिजन बायप्सी में कैंसर की पुष्टि हो गई। हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल की लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नविल कुमार शर्मा ने बताया कि समय रहते गांठ को निकालने का फायदा यह हुआ कि महिला को अब न तो कीमो थेरेगी की जरूरत है और न ही रेडिएशन थेरेपी की। उन्होंने कहा कि महिला का निर्णय साहसिक था पर इस अतिरिक्त सावधानी ने उन्हें बड़ी परेशानियों से बचा लिया। विलम्ब होने पर महिला को कैंसर के पूरे इलाज से गुजरना पड़ता। डॉ नविल ने कहा कि स्तन कैंसर के मामले में देखा गया कि कई बार गांठों की एफएनएसी जांच निगेटिव आती है। कई बार ट्रू-कट बायप्सी में भी कैंसर की पुष्टि नहीं हो पाती। इसका मतलब यह नहीं होता कि कैंसर की संभावना नहीं है। ये टेस्ट आम तौर पर तभी पाजीटिव आते हैं जब कैंसर बढ़ गया हो। इसके बाद कैंसर के शरीर के दूसरे हिस्सों में फैलने (मेटास्टासिस) की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए 35 साल या उससे अधिक की उम्र में स्तन की किसी भी गांठ को संजीदगी से लेना चाहिए. समय रहते इसे निकाल देना, अनेक भावी मुसीबतों से बचा सकता है।

### फायर व सेफ्टी औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण में प्रवेश प्रारंभ

**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई निजी प्रशिक्षण संस्थान, जिसमें 10वीं,



12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, पास छात्र- छात्राओं के लिए फायर एंव सेफ्टी का प्रशिक्षण देते आ रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण के द्वारा छात्र-छात्रों को रोजगार उपलब्ध करवाने में मदद करना, संस्था एफएसडीएमआई में 6 महीने या साल भर का एक वर्ष अग्निशमन सुरक्षा एवं औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण चल रहा है संस्था के द्वारा प्रशिक्षण को प्राप्त होने के बाद छात्र एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, गन-कैरिज फैक्ट्री इटारसी, ब्रेथवेट भारतीय रेल मंत्रालय, भिलाई स्टील प्लांट, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, डी.आर.डी.ओ भारत रक्षा मंत्रालय जगदलपुर, रायपुर मंत्रालय, एनएमडीसी नगरनार जैसी विभिन्न निजी एवं सरकारी कंपनियों में परमानेंट एवं ठेकेदारी बेस से कंपनियों में कार्य कर रहे हैं। संस्था के द्वारा गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण शुल्क में छूट की जाती है जिन विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण को प्राप्त करना हो एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें कैंपसः-इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई प्लॉट नंबर-766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने,शांति नगर में संपर्क कर सकते हैं।

### अवतार ऑप्टिकल में कोडैक की खरीदी पर बम्फर ऑफर

**दुर्ग।** दुर्ग शहर के जाने माने ऑप्टिकल संस्थान 'अवतार ऑप्टिकल के.' आईवियर उपभोक्ताओं के लिए विशेष



छूट दे रहा है। पोलसाय पारा चौक, स्टेशन रोड, दुर्ग स्थित अवतार ऑप्टिकल में विश्व विख्यात कोडेक लेंस की खरीदी बाय वन गेट वन स्पेशल ऑफर का लाभ लिया जा सकता है। इसके साथ आईवियर और सनग्लासेस की खरीदी पर 30% तक की छूट और बाय वन गेट वन फेम फ्री ऑफर भी दिया जा रहा है। अवतार ऑप्टिकल कं. में 1 घंटे में ग्लोसेस देने की सुविधा, फ्री होम डिलीवरी और कलर कॉन्टेक्ट लेंसेस मात्र 99 रूपए में उपलब्ध है। शो रूम में वॉग, फास्टट्रैक, क्रिजल यूवी प्रोटेक्टिव लेंसेस, ऑपिम आईवियर, रे-बैन, स्टेपर आईवियर, कोडैक लेंसेस, IDEE आई वियर, सेंवंथ स्ट्रीट आदि वर्ल्ड क्लास ब्रांड के आईवियर और लेंस की उत्कृष्ट रेंज उपलब्ध है। गौरतलब है कि 'अवतार ऑप्टिकल कं.' वर्ष 1990 से शहर के लोगों को विश्वस्तरीय आईवियर का संग्रह पेश कर रहा है। उपरोक्त सभी ऑफर का पोलसाय पारा चौक, स्टेशन रोड दुर्ग, उत्तम टॉकीज के पास नंदनी रोड, पावर हाउस और सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई स्थित संस्थान में भी ली जा सकती है।

# टोल प्लाजा हटाए जाने निकाला शांति मार्च

**कुम्हारी।** शनिवार को कुम्हारी टोल प्लाजा द्वारा वसूले जा रहे टैक्स के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने शांति मार्च निकाला। 11 सितंबर से समाजसेवी मुकेश तिवारी ने टोल प्लाजा हटाने को लेकर सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया था। इसके बाद जानकारी मिलते ही भिलाई तीन तहसीलदार, स्थानीय थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर उनकी बात सुनी। इसके बाद टोल प्लाजा के अधिकारियों से मिलकर जानकारी ली। उच्च अधिकारियों को घटनाक्रम से अवगत कराया, लेकिन किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होने के कारण मुकेश तिवारी ने शांति मार्च निकालकर पुनः विरोध दर्ज कराया। इसमें नगर के व्यापारी संघ, आमजन, टाटीबंध ट्रांसपोर्टर और दुर्ग के नागरिकों का भी समर्थन मिला। यह शांति मार्च टोल प्लाजा से चलकर कांजी हाउस तक पहुंचा। वापस सत्याग्रह स्थल पर लौटकर इसका समापन किया गया।

**ट्रांसपोर्टर्स आंदोलन के समर्थन में, आगे और उग्र प्रदर्शन**

बलविंदर सिंह पन्नू ने इस जनहित कार्य को आरंभ करने के लिए तैयार मुकेश तिवारी को साधुवाद देते हुए कहा कि हम समस्त ट्रांसपोर्टर इस आंदोलन का हृदय से खुलकर समर्थन करते हैं। जब भी जैसी आवश्यकता हो प्रदेश के हम समस्त साथी आपके साथ हैं। शांति मार्च की रूपरेखा तैयार करने वाले संजीव मिश्रा ने कहा कि यह एक व्यक्ति अथवा राजनीतिक स्वार्थ हित साधने की नहीं वरन आमजन के कष्टों को दूर करने के उद्देश्य के आंदोलन है। हमें इस टोल को पूर्ण रूप से समाप्त कर जनधन की सुरक्षा करना है। 15 सितंबर को और भी भव्य रूप में शांति मार्च का प्रदर्शन किया जाएगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने कहा कि जनहित कार्य अत्यंत ही सादगी और शांतिपूर्ण ढंग से करते हुए लक्ष्य सिद्ध करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। दोपहर करीब 2.30 बजे एसडीएम भिलाई 3 पवन सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी कुम्हारी जेआर कुर्रे ने सत्याग्रही मुकेश तिवारी का मेडिकल चेकअप भी कराया।

**न्यायालय श्रीमान अपर मोटर दुर्घटना दावाधिकरण उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

सुदेश कुमार दर्रो एवं अन्य .... आवेदकगण
विरूद्ध
बाबूलाल कोल व अन्य .... अनावेदकगण
प्र.क्र.-19/2023 प्रो.क्र.-238/2024
पेशी दिनांक-28/9/2024
मनहेर सिंह दर्रो .... आवेदकगण
विरूद्ध
बाबूलाल कोल व अन्य .... अनावेदकगण
प्र.क्र.-20/2023 प्रो.क्र.-239/2024
पेशी दिनांक-28/9/2024

किशोर जैन पिता शोभाचंद जैन, निवासी ग्राम ई-5 ऋषभ साउथ ग्रीन नगर वार्ड क्र. 54 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) (पेशा हाईवा क्रमांक यूपी-35 टी-7502 का पंजीकृत स्वामी)

आवेदक गण ने आपके विरूद्ध एक दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 (1) एवं 140 (1) मोटरयान अधिनियम 1988 संशोधित अधिनियम 1994 के तहत क्षतिपूर्ति राशि प्रकरण क्रमांक 19/23 में 55, 50,000/- एवं प्रकरण क्रमांक 20/23 में क्षतिपूर्ति की राशि 55, 50,000/- प्राप्त करने के आशय पेश किया गया है।

अतः आप अनावेदक क्र. 2 दुर्घटनाकारित वाहन का पंजीकृत स्वामी आपको सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 28/9/2024 को दिन के ठीक 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर मोटरयान अधिनियम के आवेदन का जवाब पेश करने के लिए समस्त दस्तावेजों के साथ जिस पर आप विश्वास करते हैं या किसी अधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता जो कि उक्त दावा/क्लेम प्रकरण आवेदन से संबंधित दस्तावेजों का उत्तर दे सके। उनके मार्फत प्रस्तुत करें।

यदि आप पेशी दिनांक 28/9/2024 को न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 28/9/2024 को अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर रहते हैं तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस पर होगी और उक्त कार्यदिवस पर आप न्यायालय में उपस्थित होंगे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 6/9/2024 को जारी किया गया।

मुहर सही/-
(श्रीमती लीना अग्रवाल)
प्रथम मोटर दुर्घटना दावाधिकरण
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN
• FITTER 2 Year (10th Pass)
DHANORA
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम धनोरा जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर हलचल तेज, नवंबर में सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार आगामी नवंबर माह में ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किए जाने के निर्देश दिए गए है। वही चुनाव को लेकर प्रशिक्षण का दौर भी शुरू हो गया है। निर्वाचक नावावली के लिए तैयार किए गए साफ्टेवयर की जानकारी के लिए 13 सितंबर को अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है।

छग राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और पंचायत में मतदाता सूची पुनरीक्षण के अलग-अलग कार्यक्रम जारी किए गए है। हांलाकि दोनो स्तर के कार्य को नंवबर माह ही पूरा किए जाने के साथ मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग जिले में नगरपालिका निगम दुर्ग, नगरपालिका परिषद अहिवारा, नगरपालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पंचायत धमधा, नगर पंचायत पाटन और नगर पंचायत उतई में चुनाव होने है। माना जा रहा है कि, नगरीय निकाय चुनाव जहां दिसंबर में होगें, वही पंचायत चुनाव जनवरी माह में होने के आसार है। चुनाव को लेकर प्रशासन हलचल तेज होने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मी भी बढ गई है। दुर्ग विधानसभा की बात करे तो निगम की सत्ता में बैठे नेता और विधानसभा के नेता दोनो का जनता के आसपास से गुजरना तेज हो गया है। देखा गया कि, बाढ के नाजुक हालात में नेताओं ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जनता के बीच दिखे।

## मतदाता पुनरीक्षण के लिए वार्डों में चल रहा सर्वे, आज प्रशिक्षण

### निकाय व पंचायत मतदाता सूची कार्यक्रम

आयोग द्वारा दस सितंबर को जारी निर्देश में कहा गया है कि, प्रथम चरण के तहत 18 सितंबर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो की नियुक्ति और प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों का चयन एवं नियुक्ति होगें। वही 21 सितंबर को विधानसभा की निर्वाचक नामावली वार्डवार पृथक कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराना। द्वितीय चरण सूची का प्रकाशन व दावा आपत्ति प्राप्त कर 22 नवंबर को सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। इसी तरह पंचायत चुनाव के लिए 18 सितंबर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो की नियुक्ति और प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों का चयन एवं नियुक्ति होगें। वही सूची का अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर को जारी होगें।




### राजनीतिक सरगर्मी में हो गई तेज

हाल ही में विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा शहर के वार्डों में लाइट लगाने के लिए अपने निधि से 20 लाख रूपए की स्वीकृति की हैं। महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ विधायक गजेंद्र यादव के निवास में मुलाकात कर उन्हें निगम के क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं निकाय के प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने हेतु मांग पत्र सौंपा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने विधायक गजेन्द्र यादव से कहा है कि, शहर के सभी वार्डो को विकास का लाभ सामान रुप से मिले।

## खबर संक्षेप



### साइंस कॉलेज में विराजे गणपति, हुई महाआरती

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में छात्र छात्राओं की टीम द्वारा पहली बार कॉलेज परिसर में गणपति की स्थापना की गई है। टीम दक्ष द्वारा रोज़ाना विधि विधान से भगवान गणेश जी की आरती पूजन किया जा रहा है। यह पहला मौक़ा है की कालेज परिसर में छात्र.छात्राओ द्वारा गणपति की स्थापना की गई है। शनिवार को महाआरती में युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू शामिल हुए। आरती पश्चात भंडारा का भी आयोजन किया गया था ।जिसमे कालेज के सभी छात्र छात्राएं शामिल हुए। महाआरती में प्रवीण यादव, निकेस कुर्रे, गजानंद साहू, नीरज साओ, उदय मृदुल, सुशील, युगांत, लाकेश, गंजेन्द्र मुरली, निकिता, भावना सहित अनेक छात्र छात्राएं शामिल हुए ।

### शहर के कव्वाल का दूरदर्शन में प्रसारण आज व कल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के कव्वाल शारिक अली मन्नी भाई का ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर दूरदर्शन डीडी छत्तीसगढ़ में 15 सितंबर एवं 16 सितंबर को दो-दो कव्वाली का प्रसारण शाम 4 बजे किया जाएगा। विदित हो की दुर्ग शहर के कव्वाल शारिक अली मन्नी भाई छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, झारखंड के अलावा कई राज्यों में कव्वाली का कार्यक्रम देते रहे हैं। कव्वाल शारिक अली मन्नी भाई के साथ अतीक अहमद खान, कोरस में प्रदीप वर्मा, एजाज पटेल, ऑक्टोपैड में कविंद्र बर्मन, ढोलक कन्हैया सोनी, ऑर्गन रतन बारीक, हेंडसोनिक में मनीष कुमार शामिल थे।

### विश्वकर्मा पूजन समारोह

**दुर्ग।** जनवादी राज मिस्त्री मजदूर संघ द्वारा गंज मण्डी प्रांगण में विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा पूजन के कार्यक्रम 17 सितंबर को आयोजित किया गया है। सुबह पूजन व हवन, दोपहर अतिथियों का स्वागत एवं भोजन प्रसादी का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम माटी के महिमा कुलेश्वर ताम्रकार की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, सहायक आयुक्त विकास सहारे, अध्यक्षता जनवादी राज मिस्त्री मजदूर संघ मिलाउ राम पटेल होंगे। 18 सितंबर बुधवार सुबह विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

## सहूलियत : सालों बाद अब विवि की खुद की होगी बिल्डिंग

# तीस सितंबर तक कॉलेज का निर्माण पूरा करने अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हेमचंद विश्वविद्यालय को अब खुद का बिल्डिंग मिल जाएगा। सालों की मशक्कत के बाद जहां अब कालेज मूर्तरूप लेने को तैयार हो गया हैं, वही विवि का पूरा सेटअप पोटियाकला स्थित कालेज में शिफ्ट हो जाएगा। शनिवार को संभागायुक्त और कलेक्टर ने निरिक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त ने आगामी तीस सितंबर तक कालेज का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए है।

जानकारी अनुसार निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वर्तमान में यहां पेटिंग कार्य किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2018-19 में लोक निर्माण विभाग द्वारा जशपुर की कंपनी मेसर्स विनोद जैन को ठेका दिया था। अनुबंध 2018-19 में किए जाने के बाद कार्यादेश भी जारी कर दिया गया था। विवि की बिल्डिंग के लिए विभाग द्वारा 11 करोड 92 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें अब तक ठेकेदार द्वारा चार मंजिला भवन का निर्माण कर लिया गया है। बताया गया कि, कालेज में फिनिसिंग कार्य पूरा किया जा चुका है। बहरहाल आगामी तीस सितंबर तक पेटिंग कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वर्ष 2018-19 में निर्माण शुरू किया गया था। बिल्डिंग का निर्माण पांच मार्च 2021 को पूरा किए जाने के बाद हैंडओव्हर भी हो जाना था। लेकिन बिल्डिंग तीन साल में भी नही बन पाई थी। हांलाकि वर्तमान में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

**संभागायुक्त और कलेक्टर ने फिर लिया कालेज का जायजा**



### ये परेशानी होगी अब दूर

वर्तमान में हेमचंद विश्वविद्यालय का संचालन साइंस कालेज के आगे गर्ल्स कालेज में किया जा रहा है। विवि के पास ढाई लाख छात्र है। परीक्षा के दौरान विवि के पास आंसर सीट रखने तक की जगह नही होती है। इसके आलावा आडिटोरियम की कमी होने के कारण व्हीआईपी कार्यक्रम नही हो पाते, पुरानी बिल्डिंग होने के कारण छत से पानी टपकता है। गर्ल्स कालेज में भी मरम्मत कार्य कराने की जरूरत है। इस बीच नई बिल्डिंग नही मिलना कालेज प्रशासन के लिए समस्या बन गई थी। पिछले दिनों राज्यपाल से टीचिंग संकाय शुरू कराए जाने की मांग की गई थी।

### कार्य शीघ्र पूर्ण करने कांट्रेक्टर को निर्देश

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शनिवार को नगर के पोटिया वार्ड में विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के मैप का अवलोकन किया और कांट्रेक्टर को भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने निर्माणाधीन भवन में प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया। कुलसचिव ने बताया कि, आगामी तीस सितंबर तक निर्माण पूरा किए जाने के निर्देश दिए गए है।

## विकास कार्य के लिए शासन से ढ़ाई करोड़ की मिली स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के दो स्थान गयानगर और सतनाम पारा में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन बनेगा। गणपति बप्पा का आशीर्वाद और विधायक गजेंद्र यादव की पहल से दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 01 और वार्ड 15 में मांगलिक भवन के लिए विष्णुदेव साय सरकार ने ढाई करोड़ की स्वीकृति दे दी है। जल्द ही भूमिपूजन के बाद कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। भवन बनने से आस पास के वार्ड की जनता को काफी सहूलियत होगी। शादी ब्याह जैसे घरेलू व सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकेंगे। बारिश की समस्या भी नहीं होगी।

■ शहर के दो स्थान पर बनेगा सामुदायिक भवन

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 01 गयानगर और वार्ड 15 सतनामपारा के नागरिकों ने वार्ड भ्रमण के दौरान विधायक गजेंद्र यादव से सुविधायुक्त भवन बनाने की मांग किये थे। नागरिकों ने बताया की भवन नहीं होने से सुख-दुख के काम में पानी बरसात होने पर समस्या होती है। रास्ते को घेरने से आने जाने वालों को परेशानी होती है। वार्ड में भवन बनने से सभी प्रकार के सामाजिक व धार्मिक तथा घरेलू आयोजन के लिए उपयुक्त स्थान मिल जायेगा। बारिश के सीजन में भी कार्यक्रम किये जा सकेंगे। जिस पर विधायक श्री यादव ने विभागीय अधिकारियो को मौका मुआयना कराकर प्राकलन तैयार कर शासन को भेजे थे जिसे शासन से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

### हॉल के साथ किचनशेड भी रहेगा

शासन से स्वीकृत हुए भवन में सभी तरह की सुविधा रहेगी। वार्ड 01 गयानगर में सब स्टेशन के पास बनने वाले डॉ बीआर अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन में शादी ब्याह के बड़ा हॉल, कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था के लिए किचन शेड भी बनाया जायेगा। मेहमानों के ठहरने के लिए अलग से कक्ष होगा। इसी प्रकार वार्ड 15 सतनाम पारा में आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे सांस्कृतिक भवन में भी बड़ा हॉल व कक्ष की सुविधा मिलेगी।

## जेसीआई ने किया छोटी सी आशा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने जेसी सप्ताह यंगरंग के अंतर्गत रुआबंधा स्थित ज्ञानोदय विद्यालय के बच्चों के लिए छोटी सी आशा नामक अनुदान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन के तहत बच्चों को स्टडी टेबल, स्टेशनरी किट और टिफिन बॉक्स प्रदान किए गए। अध्यक्ष योगेश पदमा राठी ने कहा, हर वर्ष की तरह इस बार भी हमारे सदस्यों ने बच्चों की ज़रूरतें पूरी करने के लिए पूरी उत्साह के साथ योगदान दिया, ताकि वे अपने अध्ययन में बेहतर कर सकें। कार्यक्रम की संचालनकर्ता मेंटर लेडी जेसी नीति बल्लेवार ने कहा, जेसीआई दुर्ग-भिलाई 2015 से इस विद्यालय के बच्चों की सहायता करती आ रही है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पास्ट चेयरपर्सन लेडी जेसी रुचिका अंशुल जैन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और संस्था के इस योगदान की सराहना की। कार्यक्रम प्रभारी लेडी जेसी रुचि जैन और सिंपल राठी ने इस आयोजन को स्पोर्ट्स डे के रूप में आयोजित किया, जिसमें बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद और गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मोनिका सुरेन्द्र खेतान और विकिता मित्तल ने दीया सजाओ प्रतियोगिता, जेसी वीक डायरेक्टर छाया आदित्य राठी ने कठपुतली शो का आयोजन किया। जिसे भिलाई के रंगकर्मी विभाष उपाध्याय और उनकी टीम ने प्रस्तुत किया। कमलेश राजा ने खेलकूद और डांस परफॉर्मेंस आयोजित किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र खेतान, रजनीश जायसवाल और प्रणय राखी माहेश्वरी को विशेष रूप से सम्मानित किए गए। गया।

## दिव्यांगजनों के चिन्हांकन हेतु कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खालसा पब्लिक स्कूल के सभागार में दिव्यांगजनों के चिन्हांकन हेतु जिले के निजी अनुदान प्राप्त मदरसा विद्यालयों के प्रधानपाठकों, प्राचार्यों, शिक्षकों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसके पूर्व विकासखण्डों में भी यह कार्यशाला संपन्न कराई गई। जिसमें अनुपस्थित रहे समस्त विद्यालयों जिसकी संख्या 400 से अधिक थी, उन्हें इस कार्यशाला में आमंत्रित कर भारत सरकार द्वारा घोषित 21 प्रकार की बाधिताओं की पहचान हेतु उन्मुखीकरण किया गया। 20 सितम्बर तक उक्त कार्य संपन्न करने समय-सीमा निर्धारित की गई है।

कार्यशाला को जिला शिक्षाधिकारी अरविंद मिश्रा एवं जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय ने सम्बोधित किया। 21 बाधिताओं पर स्पेशल एजुकेटर एवं बीआरपी ने बिन्दुवार प्रकाश डाला। उक्त कार्यशाला में विवेक शर्मा, आईके रामटेके, एपीसी श्रीमती किरण चंदवानी, श्रवण सिन्हा, खिलावन चोपड़िया, बीआरपीपी मोहन चौहान, प्रोग्रामर शंशांक शर्मा, यूनिसेफ, घनश्याम साहू, उत्तम चंद्रवंशी, श्रीमती इतिदास गुप्ता, माया डोंगरे, दुर्गा साहू, सरोज खोब्रागढ़े, पुष्पा भट्टाचार्य, सुमति उके, चंद्रकिरण दुबे समस्त मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित किया तथा पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के मााध्यम से जानकारी प्रदर्शित किये।

## जेसीबी व डंपर के साथ पुलगांव नाला से निगम ने हटवाई जलकुंभी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को पुलगांव में जेसीबी के माध्यम से पुल के आस पास जलकुंभी को साफ किया गया। मोंगरा जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण पुलों के ऊपर जलस्तर काफी हद तक बढ़ गया था। नालों में जमी जलकुंभी की वजह से नालों पर पानी का दबाव बढ़ गया था। जिससे आगे पानी तेजी से निकल नहीं पा रहा था। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सुबह उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद सहित टीम अमला के साथ सफाई कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया।

■ जलकुंभी के कारण तेजी से नहीं निकला पानी

जेसीबी और डंपर के साथ नगर निगम की टीम पुलगांव नाला पुल पहुंची। जहां उन्होंने कर्मशाला अधीक्षक के नेतृत्व में जेसीबी के माध्यम से बारिश के कारण ऊपर आ गई जलकुंभी को नदी से निकालने का कार्य शुरू किया गया। कई डंपर जलकुंभी निकाली गई । लगभग तीन घण्टे जेसीबी के माध्यम से सुबह यह सफाई करवाई गई। आयुक्त ने बताया कि जलाशय से पानी छोड़ने के कारण नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पुलों के पास आगे से बहकर जलकुंभी आकर जमा हो गया था। जमा जलकुंभी को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा।

## सहकारी समितियों में शत-प्रतिशत सदस्य बनाने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



प्रदेश में सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा गठित जिला सहकारी विकास समिति की बैठक हुई। जिला सहकारी विकास समिति की अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एजेण्डावार विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति या प्राथमिक दुग्ध और मत्स्य सहकारी समितियों से आच्छादित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इसी प्रकार समस्त पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-डिस्ट्रीक्ट के रूप में आईडी जेनरेट करने और राष्ट्रीय बीज सहकारी समिति, जैविक सहकारी समिति एवं निर्यात सहकारी समितियों में समस्त सेवा सहकारी समितियों में शत-प्रतिशत सदस्य बनाने हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं अवधेश मिश्रा, उप संचालक पशुपालन डॉ सुधीर प्रताप सिंह, उप संचालक मत्स्य सुश्री सीमा चन्द्रवंशी, उप संचालक कृषि संदीप भोई, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्रीकांत चन्द्राकर, ईडीएम सुश्री श्रुति अग्रवाल और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सुश्री अंशु गोयल उपस्थित थी।

■ जिला विकास सहकारी समिति की बैठक संपन्न

## वैश्य गुप्ता समाज का सामाजिक मिलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग


कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज का सामाजिक मिलन एवं परिचय सम्मेलन 15 सितंबर को पंचवटी भवन नदी रोड़ गंजपारा में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम उद्घाटन सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक ग्रामीण ललित चन्द्रकार होंगे। समाज के जिला अध्यक्ष अरविन्द्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों, बुजुर्गों, वरिष्ठों का सम्मान किया जाएगा। जिला सचिव शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया सामाजिक मिलन समारोह के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से स्वजातीय बन्धुओं को आमंत्रित किया गया है। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न स्पर्धाएं होंगी।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 15 सितंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

04



सीखें शिमर आईलाइनर का सही तरीका

## लाइव इवेंट

### सीबीएसई क्लस्टर-II में डीपीएस दुर्ग फिर चैम्पियन




**भिलाई।** सीबीएसई क्लस्टर- II एथेलेटिक मीट 2024 का आयोजन केआईआईटी इंटरनेशनल स्कूल भुवनेश्वर में हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग 257 विद्यालयों ने भाग लिया। इसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ की शालाओं ने भाग लिया था, जिसमें 2000 विद्यार्थियों, कोच एवं मैनेजर शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में डीपीएस दुर्ग ने ओवरऑल चैम्पियनशिप जीती।

- राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिताओं में भी डीपीएस दुर्ग खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन
- ओडिशा में हुए स्पर्धा में भी विद्यार्थियों ने स्कूल का नाम रोशन किया

डीपीएस दुर्ग के विद्यार्थियों ने लगातार सातवीं बार यह चैम्पियनशिप प्राप्त की। बालक, बालिका वर्ग अन्डर 14, अन्डर 17 और अन्डर 19 में अद्वितीय सफलता प्राप्त की है। शाला के विद्यार्थियों ने कुल 10 गोल्ड मेडल, 04 सिल्वर मेडल तथा 03 ब्रॉन्स मेडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता से विद्यालय के 17 विद्यार्थियों का सीबीएसई नेशनल हेतु चयन हुआ। यह प्रतियोगिता संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल, वाराणसी (उ.प्र) में 6 से 10 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाली है। प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को विभागाध्यक्ष गगन इन्दर सिंग विरदी के निर्देशानुसार तैयार किया गया था। बैडमिंटन प्रतियोगिता सीबीएसई क्लस्टर-II का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर में आयोजित किया गया था, जिसमें डीपीएस दुर्ग से अंडर-19 से पृथ्वीशा सिंह, आर्शीया अग्रवाल और तिथि जिंदल ने ब्रॉन्स मेडल प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन का कार्य नोहा आर एमुन्यल ने किया।

#### राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में भी बेहतर प्रदर्शन

इसी क्रम में राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा (योग) प्रतियोगिता का आयोजन बीएसपी स्कूल सेक्टर 10 भिलाई में हुआ, जिसमें ट्रेडिशनल इवेन्ट में दुर्ग जोन से विद्यालय की 02 छात्राओं ने एडवांस आसन में सफलता हासिल की। बालिका वर्ग अंडर-14 में निशिका बेनर्जी (कक्षा-7) ने इसरा इवेन्ट कलात्मक योग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग अंडर-17 में अनुषा पारकर (कक्षा-8) ने रिथमिक योग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरान्वित किया। इस प्रतियोगिता के लिए योग शिक्षिका लिली सोनी का सराहनीय प्रशिक्षण रहा है। डीपीएस के प्राचार्य यशपाल शर्मा एवं शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

## सिटी इवेंट

### भादवा मेला का समापनः अंतिम दिन बाबा दरबार में उमड़े भक्त



**दुर्ग।** पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में आयोजित 10 दिवसीय भादवा मेला में अंतिम दिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। दरबार में सुबह से ही भजन कीर्तन की गूंज गूंजयमान रही। नाच गाकर श्रद्धालु श्री रामदेव बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रगट करते रहे। इस दौरान गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी से आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की दरबार में कतारे लगी रही। भादवा मेला में विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद ऋषभ जैन, शिवेन्द्र सिंह परिहार, काशीराम कोसरे, समाजसेवी अरविंद वोरा, श्रीकांत समर्थ, अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह, पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, जयंत खिरोड़कर के अलावा भाजपा-कांग्रेस व अन्य राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि दर्शन के लिए दरबार पहुंचे। यहां उन्होंने भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की। श्रद्धालुओं में मनोकामना हवन कुण्ड की परिक्रमा करने रैला लग रहा। कुंड में नारियल अर्पित कर श्रद्धालुओं द्वारा रामदेव बाबा से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की याचना की गई। इस अवसर पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, पायल जैन, मनीष जैन, महावीर बाफना, प्रवीण पींचा, गौरव बजाज, राकेश धाडीवाल, गौतम धाडीवाल, मोंटी सोनी, मनीष छाजेड़, संतोष छाजेड़, प्रशांत शर्मा, गोविंद बजाज, गौरव पींचा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

- हवन कुंड में नारियल अर्पित कर श्रद्धालुओं ने की मनोकामना पूर्ण करने याचना



---

● सेक्टर-10 में तुलसी बाग के गणपति की सुंदरता और महाराष्ट्र मंडल में 84 प्रतिमाएं आकर्षक

# काशी विश्वनाथ मंदिर का स्वरूप से. 10 पंडाल में विराजे पुणे के गणपति, प्रेममंदिर की झांकी हुडको में

**भिलाई।** अनंत चतुदर्शी को अब कुछ ही दिन शेष बचे है। वीकेंड के चलते इन दिनों ट्विनसिटी में विराजे विघ्नहर्ता के दर्शन करने लोग आसपास सहित दूर-दराज से भी पहुंच रहे है। गणेशोत्सव पर झांकियों और मेलों की धूम से सभी ओर उल्लास का वातावरण दिखाई दे रहा है। जगह-जगह अलग-अलग थीम पर झांकियां तैयार की गई हैं, जहां रोजाना हजारों की संख्या लोग पहुंच रहे हैं। इन्हीं झांकियों में से एक है सेक्टर 10 भिलाई की शिवमानस गणेश उत्सव समिति और हुडको महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल भिलाई समिति।

### तुलसी बाग पुणे के गणपति व झांकी आकर्षण का केंद्र

सेक्टर 10 में बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय द्वारा कैंपस में बनाए गए काशी विश्वनाथ मंदिर की लगभग 75 फीट से ऊंचा पंडाल बनाया गया है झांकी के साथ ही पूणे के तुलसी बाग गणपति की खूबसूरत प्रतिमा लोगो के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा झांकी के भीतर प्रवेश करते ही सुंदर हाथी के डिजाइन कपड़े पर प्रिंट किये गये है झांकी में बनी नक्काशी और पूरा डेकोरेशन लोगों को खूब भा रहा है।





### पंडाल के कारीगरों ने दिखाई अपनी कलात्मकता

शिवमानस

गणेश उत्सव समिति सेक्टर 10 द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापना का यह 32वां वर्ष है। इस बार बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) कैंपस के भीतर संस्थापक मदन मोहन मालवीय द्वारा बनवाये गए काशी विश्वनाथ मंदिर की भव्यता वाली झांकी के रुप मे गणेश पंडाल तैयार किया गया है। काफी आकर्षक लाइटिंग के साथ विशेष साज-सज्जा की गई है। इसके अलावा प्रतिदिन गणेश पंडाल में लगभग 10 हजार लोग दर्शन करने पहुंच रहे है। मंदिर समिति के प्रदीप दलाई ने बताया कि पूरे गणेश पंडाल को भी 70 फीट से ऊंचा बनाया गया है। समिति के फाउंडर मास्टर केसय्या, प्रमोद यादव, विजय भास्कर, रवि कुमार, प्रदीप दलाई, विजय भास्कर ने बताया कि यहां पंडाल में प्रवेश सभी लोगो के लिए निशुल्क रखा गया है।

## महाराष्ट्र मंडल में मनाया जा रहा रजत जयंती उत्सव

ट्विनसिटी में निवासरत मराठी परिवारों के समूह महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल हुडको भिलाई में प्रतिवर्ष सामूहिक गणेशोत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव का इस बार 25 वर्ष होने पर रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। मंडल के रजत जयंती वर्ष में वृंदावन के कृपालु महाराज द्वारा बनाया गया प्रेम मंदिर के तर्ज पर सुंदर झांकी बनाई गई है। आयोजकों ने बताया कि यहां प्रवेश व पार्किंग हर वर्ष पूरी तरह से निशुल्क रहता है जिससे दूर गांव से आए हुए लोग आसानी से गणपति के दर्शन कर सके।



### 83 छोटी प्रतिमाओं के साथ प्रेममंदिर की बनाई सुंदर झांकी

समिति के पूर्व अध्यक्ष अनिल पाटिल व नितिन फुले ने बताया कि हर बार गणेश की एक बड़ी प्रतिमा के साथ अनेक छोटी प्रतिमाएं भी अलग अलग चेहरे व मुद्रा में लोग अपने दिवंगतों की स्मृति में विराजत करते है। इस बार 83 छोटी मूर्तियां विराजित की गई है और सभी नाम व गोत्र से स्थापित की गई इन प्रतिमाओं के पास एक अखंड ज्योत पूरे 11 दिन जलता रहता है। आयोजन के अंतिम दिन तक पंडित रविन्द्र घनपाठी द्वारा 1 बड़ी प्रतिमा के साथ ही सभी 83 छोटी प्रतिमाओं की सामूहिक आरती प्रतिदिन की जाती है। थनौद के राजेश चक्रधारी द्वारा बनाई गई गणेश प्रतिमा 10 फीट की व सभी छोटी मूर्तियां लगभग 3 फीट तक की है जिसमें सभी के चेहरे अलग-अलग मुद्राओं में बनाएं गए है।



---

# पेंट विथ गणेशा... बच्चों की आकर्षक कलाकृति ने सबका जीता दिल

**भिलाई।** अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई ने राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर में पेंट विथ गणेशा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में तीन श्रेणियों में प्रतिभागी बच्चों ने हिस्सा लिया। अपनी कला कुशलता का प्रदर्शन किया। आयोजन में बच्चों ने भगवान गणेश की सुंदर और रचनात्मक चित्रकला बनाई। जो आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका दिल जीत लिया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। अग्रवाल यूथ क्लब अध्यक्ष संगीता अतुल गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल कला को प्रोत्साहित करना, बल्कि समाज में सांस्कृतिक और धार्मिक आस्थाओं को मजबूती प्रदान करना भी रहा। प्रतिभागी बच्चों के अभिभावकों ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सह संस्थापक बिंदिया दिलीप अग्रवाल एवं ललिता अमित अग्रवाल ने किया और प्रतिभागी बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान अग्रवाल यूथ क्लब के प्रोग्राम चेयरमैन नेहा अभिनव अग्रवाल, प्रोग्राम डायरेक्टर प्रियंका अंकित बंसल, अंजली नीतीश मित्तल, नवीन मीनू अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सर्वेश प्रीति अग्रवाल, जागृति हरीश अग्रवाल के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे।




# आदित्यवाहिनी की बैठक आज निश्चलांद के प्रवास पर होगी चर्चा

**भिलाई।** ऋवेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधिश्वर शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती महाभाग द्वारा संस्थापित संगठन धर्मसंघ पीठ परिषद आ दि त य वा हि नी आनन्दवाहिनी की दुर्ग संभाग की महत्वपूर्ण संभागीय बैठक कल 15 सितम्बर रविवार को दोपहर ढाई बजे भगवान लंगूरवीर मंदिर परिसर शनिचरी बाजार दुर्ग में आयोजित है। इस बैठक में आदित्यवाहिनी छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू सहित प्रांतीय पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से ईश्वरी अभियान अखंड हिन्दू राष्ट्र भारत की स्थापना में गुरुजी का अनुसरण कर गिलहरी की भांति सहभागी बनने एबं आगामी दिनों में गुरुजी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर चर्चा, मठ मंदिरों को केंद्र बनाकर चलाए जा रहे साप्ताहिक एवं मासिक प्रकल्प पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा संगठन की आगामी योजना एवं प्रदेश कार्यकारिणी संबंधित विषयों की जानकारी दी जाएगी। संगठन विस्तार की दृष्टिकोण से प्रत्येक जिले में प्रवास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों पर विस्तृत रूप से गहन चर्चा की जाएगी। इसके अलावा बैठक में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी संस्था से जुड़े नारायण शर्मा ने दी।



---

## कॉर्नर न्यूज

### सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 पर जिला उद्योग विभाग की कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला

# उद्योग लगाना अब पहले से आसान, 16 विभागों की 90 से ज्यादा सेवाएं अब एक ही पोर्टल पर

**दुर्ग।** जिले में उद्योग लगाना अब पहले से भी आसान हो गया है। इसके लिए अब ऐसे लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे। 16 विभागों की 90 से अधिक सेवाएं उन्हें एक ही पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगी। शासन स्तर पर सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 लॉन्च किया गया है। इसे लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कैट और चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रशासन की तरफ से एडीएम अरिंवद एक्का के नेतृत्व अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद थी। एक्का ने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों की सेवा सुलभता के लिए यह सिंगल विण्डो प्लेटफार्म है, जो हाल ही में उद्योग संवर्धन की दृष्टि से लॉन्च किया गया है। इससे एक ही जगह पर आवेदक अपने आवेदन से जुड़ी अनुमति व क्लीयरेंस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उद्योग संघ के प्रतिनिधियों से सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 के तहत किए गए सरलीकरण और सुधार के बारे में जानकारी दी।

2.0 सिंगल विंडो-2016 का अपडेट वर्जन मुख्य महाप्रबंधक सिमोन एक्का ने बताया कि जुलाई 2024 में सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 लॉन्च किया गया। सिंगल विण्डो सिस्टम वर्ष 2016 से प्रारंभ किया गया है, जिसका यह अपडेटेड वर्जन है।



इसके माध्यम से न केवल उद्योग विभाग अपितु 15 अन्य विभागों को इससे जोड़कर उद्यमियों की कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

तुषार त्रिपाठी ने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से किए गए सुधार के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग की वेबसाइट के माध्यम से 16 विभागों के 90 से अधिक सेवाओं को एक ही पोर्टल के माध्यम से आवेदन बहुत ही सरलता के साथ किया जा सकता है।

### लॉन्च किए गए पोर्टल से ये सरकारी विभाग जुड़े

सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 से शासन के 16 विभाग जुड़े हुए हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना विभाग, बॉयलर निरीक्षणालय, आयुक्त, सहकारिता एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, जल संसाधन विभाग, राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमि., अग्नि एवं आपातकालिन सेवाएं, नगर तथा ग्राम निवेश, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, श्रम विभाग, भू-अभिलेख, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, मुख्य विद्युत निरीक्षणालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग शामिल हैं।

### बार-बार रजिस्ट्रेशन की समस्या से मिलेगी मुक्ति

कार्यशाला में सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 की विशेषताएं बताई गई। बताया गया कि उद्योगों के बार बार यूजर रजिस्ट्रेशन को समाप्त किया गया है। एक ही लॉगइन से उद्योग समस्त सुविधाओं को प्राप्त कर सकते हैं। सेंट्रलाइज्ड डॉक्यूमेंट रिपोजिटरी के तहत दस्तावेजों का एक जगह संधारण किया जाता है। उद्यम आकांक्षा में दर्ज जानकारी विभिन्न आवेदन फार्म में प्री-पापुलेट की प्रक्रिया कर डुप्लीकेट एंट्री को समाप्त किया गया है। फीस कलेक्शन हेतु राज्य शासन की ई-चालान सिस्टम से इन्टीग्रेट किया गया है। नो योर क्लीयरेंस हेतु सुविधा जनक माड्युल का निर्माण किया गया है।कार्यशाला में चेंबर ऑफ कामर्स से अजय भसीन, अरविंदर सिंह खुराना, जितेन्द्र गुप्ता, अंशुल जैन, सुशील बाकलीवाल, संजय चौबे, अतुल चंद साहू, करमजीत सिंह बेदी, संजय अरोरा, मनमोहन अग्रवाल, दीपक स्वामी, गिरधारी मिश्रा, सुधाकर भारद्वाज, आनंद कुमार तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।


सब्जी मंडी का राजा सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति पावर हाउस।


शास्त्री गणेश उत्सव समिति शंकर नगर दुर्ग।


शिवशक्ति गणेश उत्सव समिति एचएससीएल कॉलोनी रुआंबांधा।


उम्दा रोड वार्ड-7 विश्व बैंक ड्रीम सिटी भिलाई-3


एकता गणेश उत्सव समिति सर्कुलर मार्केट कैम्प-2 भिलाई।

● सफलता पाने हर समय प्रयास जरूरीः सांसद

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन, बैंड की धुन पर मार्चपास्ट

**भिलाई।** जिले में राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का शुक्रवार को भिलाई विद्यालय प्रांगण सेक्टर-2 में समापन हुआ। समापन समारोह में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बैंड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। सफलता पाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी राज्य के साथ पूरे देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजन में विधायक गजेन्द्र यादव भी मौजूद थे। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर तक हुआ। दुर्ग-भिलाई में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में योगा 14, 17 व 19 बालक-बालिका, बाक्सिंग 14, 17 व 19 बालक-बालिका, टेबल टेनिस 19 बालक-बालिका, जुडो 14, 17 व 19 बालक-बालिका, लॉन टेनिस 14,17 व 19 बालक-बालिका और साइकिलिंग (ट्रेक) 14, 17 व 19 बालक-बालिका खेलों का आयोजन किया गया। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कुल 980 स्कूली बच्चों ने भाग लिया।



### लॉन टेनिस में दुर्ग के खिलाड़ियों का रहा जोर



लॉन टेनिस बालक 14 वर्ष में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। बालक 17 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। 19 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। लॉन टेनिस बालिका 14 वर्ष में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। 17 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। 19 वर्ष में रायपुर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, दुर्ग तृतीय। जूडो बालक 14 वर्ष में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय, बस्तर तृतीय। 17 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बस्तर द्वितीय, रायपुर तृतीय रही। 19 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बस्तर द्वितीय, रायपुर तृतीय। बालिका 14 वर्ष में बस्तर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, दुर्ग की टीम तृतीय स्थान पर रही। 17 वर्ष में बस्तर प्रथम, रायपुर द्वितीय, दुर्ग तृतीय। 19 वर्ष में बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, रायपुर तृतीय।

### बॉक्सिंग में दुर्ग संभाग की टीम विजेता

बॉक्सिंग बालक 14 वर्ष में दुर्ग संभाग प्रथम, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर रहीं। बालक 17 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, रायपुर तृतीय। 19 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, बस्तर तृतीय। योगा बालक 14 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग से द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। योगा बालक 17 वर्ष में रायपुर संभाग प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। योगा बालक 19 वर्ष में रायपुर संभाग प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। योगा बालिका 14 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय बिलासपुर तृतीय। योगा बालिका 17 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, सरगुजा तृतीय। योगा बालिका 19 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय।

### साइकिलिंग में दुर्ग के खिलाड़ियों ने छकाया

सायकिलिंग में दुर्ग संभाग के खिलाड़ियों ने विरोधियों को जमकर छकाया। प्रतियोगिता के बालक 14 वर्ष में दुर्ग संभाग प्रथम, बस्तर द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। 17 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, रायपुर तृतीय। 19 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, बस्तर तृतीय। बालिका 14 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बस्तर द्वितीय। 17 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, रायपुर तृतीय। 19 वर्ष में दुर्ग प्रथम, बस्तर द्वितीय, रायपुर तृतीय। टेबल टेनिस बालक 19 वर्ष में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय। 19 वर्ष में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय और बस्तर तृतीय स्थान शामिल हैं।

**अभियान**

# प्रकृति में संतुलन बनाएं रखने आम, आंवला, नीम, पारिजात और कटहल के लगाएं पौधे

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई के एनसीसी इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों द्वारा महाविद्यालय परिसर मे इस अभियान के तहत आम, आंवला, नीम, पारिजात, कटहल आदि के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट थॉमस महाविद्यालय,भिलाई के प्राचार्य डॉ. एम जी रोईमोन थे।उन्होंने सभी एनसीसी कैडेटों को पौधरोपण के महत्व को बताते हुए कहा की प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। ऋपेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर लोगों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक करना चाहिए। सेंट थॉमस मिशन के बिशप हिस ग्रेस एलेक्सियास मार युसेबियस, महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पी एस वर्गीस, महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. देबजानी मुखर्जी, वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सपना शर्मा, एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. सुरेखा जवादे, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष यादव ने सभी एनसीसी कैडेटों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मे एसयूओ ज्ञानेश मिलिंद राजे, जेयूओ लिमन सोनवानी, एसयूओ दीपिका जंघेल एवं समस्त एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।





भिलाई महिला महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण

# योग क्रोध और अहंकार को कम करता है, बुद्धि की बढ़ोतरी में भी सहायक




**भिलाई।** महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में सत्र 2022-24 चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का योग प्रशिक्षण प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन ने कहा कि योग को अपने जीवन में मन, ह्रदय और मस्तिष्क तीनों में एकाग्रता बना कर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही अपने दिनचर्या में योग की नियमितता को बना कर संयम से योग को आत्मसात करें। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने कहा कि योग के प्रमाण पत्र का वर्तमान पाठ्यक्रम के साथ अत्यधिक गहरा संबंध है। इस प्रमाण पत्र के स्वरूप आप विद्यार्थियों को भविष्य में योग प्रशिक्षक निर्वहन करने का दायित्व प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा।छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन के महासचिव जयंत भारती ने योग शिक्षा के अन्तर्गत मनचित अहंकार, बुद्धि आदि को पीपीटी के माध्यम से छात्राओं के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.हेमलता सिदार व आभार प्रदर्शन नाजनीन बेग ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक आशा आर्य, काकोली सिंघा, सत्यम मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## उत्तम तपधर्म दिवस पर भक्तों ने किया मंगल अभिषेक

**भिलाई।** 10 लक्षण पर्व के उत्तम तपधर्म दिवस पर शनिवार को श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 1008 आदिनाथ भगवान के समोसारण स्थल पर भक्तों ने भक्ति भाव के साथ श्री 1008 पार्श्वनाथ, श्रीसुमति नाथ, 1008 से आदिनाथ भगवान के स्वर्ण और चांदी के कलशों से भक्तों ने केसरिया धोती, दुपट्टा, धारण कर मंगल अभिषेक पूजन किया। इस अवसर पर शास्त्री सचिन जैन ने तप धर्म का अर्थ बताते हुए कहा कि जैन धर्म में तपस्या का मार्ग अपनाते हुए हमारे साधु संत अपनी कठिन साधना से त्याग, तपस्या का मार्ग अपनाते हुए से मुक्ति मार्ग की ओर अग्रसर है। आप सभी अपने जीवन में तप और त्याग के नियम का पालन करते हुए अपने जीवन को आत्म कल्याण के मार्ग की ओर लगाएं।



उत्तम तप धर्म दिवस पर देव शास्त्र गुरु की पूजन साधना जैन बाकलीवाल, वरुण जैन और शास्त्री सचिन जैन के मंगल धार्मिक वचनों के साथ भक्तों ने जिनेंद्र भगवान की अष्ट द्रव्य अर्पण करते हुए आराधना की। रविवार को त्रिवेणी जैन तीर्थ के प्रांगण में दोपहर 1.30 बजे सभी परिवार सहित सभी वर्ग के लोग जैन धर्म के महान त्याग धर्म दिवस के दिन मंगल विधान पूजन में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर सकते है।

**समाज इवेंट**

# सीनियर रेड स्नूकर-15 के लिए तौसिफ और सागर का चयन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सब जूनियर बालक एवं बालिका तथा सीनियर पुरुष 15 रेड स्नूकर प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक आदित्य प्रकाश शुक्ला एवं सहसंयोजक मोहम्मद तौसीफ के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। प्रतिस्पर्धा अविजीत सिंह बिष्ट के भिलाई में स्थित फिनिशर स्नूकर क्लब में हुई। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से प्रतिस्पर्धियों ने भाग लिया। लगभग 37 प्रतिस्पर्धियों में से अंतिम चार में रायपुर के आदित्य प्रकाश शुक्ला, मोहम्मद तौसीफ, सागर कासवानी एवं बिलासपुर के शहजाद हुसैन ने जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में मोहम्मद तौसीफ एवं सागर कासवानी विजयी रहे। दोनों राष्ट्रीय स्नूकर स्पर्धा में भाग लेंगे, इसका आयोजन नवंबर में होगा। मोहम्मद तौसीफ ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्नूकर स्पर्धा के लिए जगह बनाई है। सागर कासवानी का भी यह लगातार दूसरा अवसर है।

### 6 रेड स्नूकर के लिए प्रतियोगिता 18 सितंबर से


आयोजकों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सब जूनियर, जूनियर बालक एवं बालिका तथा सीनियर पुरुष एवं महिला बिलियर्डस एवं स्नूकर टीमों के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ से हर वर्ग के लिए दो-दो खिलाड़ियों का कोटा है। चयनित खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 6 रेड स्नूकर के लिए 18 से 20 सितम्बर तक चयन प्रतियोगिता होगी। फिनिशरस स्नूकर क्लब अवंती बाई चौक कोहका रोड में सुबह 11 बजे से रात तक ट्रायल लिया जाएगा। मोहम्मद तौफिक ने बताया कि चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सब जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का जन्म 1 जनवरी 2008 तथा जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का जन्म 1 जनवरी 2005 या उसके बाद होना चाहिए। इसका सत्यापन भी किया जाएगा।

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जश्न शहर में शुरू हो चुका है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में अंजुमनों की ओर से कुरआन ...नी व दरुद ख्वानी का सिलसिला ... रहा है। 16 सितंबर को शहर में ... मुहम्मदी निकलेगा। इसके साथ ही परचमे इस्लाम फहराया जाएगा और आलिमे दीन की तकरीर होगी। जश्ने ईद मिलादुन्नबी को देखते हुए शहर में तमाम मस्जिदों-मदरसों में खास तौर पर रोशनी की गई है। मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैंप-2 में मुफ्ती सालिम ने कहा कि हमारे रसूल हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम जिस वक्त दुनिया में आए और आपको नबूवत अता की गई वह दुनिया का सबसे खराब दौर था। जुल्म और सितम व ना इंसाफी आम थी। मुफ्ती सालिम ने कहा कि पैगम्बर मुहम्मद ने लोगों को जिंदगी के मकसद को बताया टूटे हुए रिश्तों को जोड़ना सिखाया। उन्होंने कहा कि आप सल्लाहु अलैहिसल्लम की जिंदगी गुजारने के बताए रास्ते पर चलने से दुनिया में अमन व सुकून कायम कर सकते हैं।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शहर में जारी है आयोजन, रोशन हुए मस्जिद व मदरसे

# ईद मिलादुन्नबी का जश्न शुरू, आज नात ख्वानी, कल जगह-जगह जुलूस



### कैंप-1 से कल निकलेगा जुलूस,सेक्टर-6 में होगी परचम कुशाई

मस्जिद ट्रस्ट भिलाईनगर के सदर मिर्जा आसिम बेग ने बताया कि जुलूसे मुहम्मदी का आगाज़ 16 सितंबर को दोपहर 2 बजे गौसिया मस्जिद केम्प-1 से होगा। जुलूस की कयादत मेहमान-ए-खुसूसी शहजादे आला हजरत अल्लामा तौसीफ रज़ा खान किबला बरेली शरीफ करेंगे। जुलूस लिंक रोड से केम्प-2 रज़ा जामा मस्जिद दोपहर 2:45 बजे तक पहुंचेगा। वहां से मदरसा रोड से शीतला कॉम्पलेक्स से नंदिनी रोड फिर ओवर ब्रिज से पार कर शाम 4 बजे मुर्गा चौक पहुंचेगा। जहां पर हाउसिंग बोर्ड, खुर्सीपार, जोन-1/2 व जोन-3 से आने वाली अन्जुमने भी शामिल होंगी। फिर पं. रविशंकर शुक्ल मार्ग (सेंट्रल एवेन्यू) से सेक्टर-5 चौक होते हुए शाम 5:45 बजे सेक्टर-6, जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान में शाम 6:00 बजे पहुंचेगा। यहां परचमे इस्लाम फहराया जाएगा। इसके बाद मग़रिब की नमाज होगी और शाम 6:30 बजे से तकरीरी प्रोग्राम शुरु होगा।

### सेक्टर-7 में हुई दरूद ख्वानी, मस्जिदों में की गई रोशनी

सेक्टर-7 में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में आयोजनों की शुरुआत शनिवार की शाम हाजी सैयद अनवर अली के क्वार्टर नंबर 6 बी, स्ट्रीट-19 में दरूद ख्वानी से हुई। यहां रविवार 15 सितंबर को बाद नमाज मगरिब नात ख्वानी होगी। इसके बाद सोमवार 16 सितंबर को सुबह 8 बजे हाजी अनवर के घर से जुलूस ए मुहम्मदी निकलेगा जो सेक्टर-7 मार्केट से विभिन्न स्ट्रीट से गुजरते हुए वापस मदरसा पहुंचेगा उसके बाद यहां परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी।यहां अल मदद वेलफेयर सोसाइटी की ओर से बेहतर परीक्षा परिणाम लाने वाले बच्चों की हौसला अफजाई के लिए उन्हें इनाम बांटे जाएंगे। वहीं मदरसों के बच्चों का इस्तकबाल किया जाएगा।

### भिलाई-तीन में लगाए जा रहे रक्तदान शिविर

सैयद्दी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-3 की ओर से जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर 8 सितंबर से 17 सितंबर तक आयोजन हो रहे हैं। यहां सितंबर से 13 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हजारों लोगों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया। वहीं जरूरी पैथोलॉजिकल जांच भी निशुल्क की गई। 12 सितंबर को मौलाना शोएब रज़ा आसवी साहब की तकरीर,13 सितंबर को औरतों की मिलाद शरीफ और 14 शनिवार को सितंबर को इस्लामिक क्विज कांटेस्ट रखी गई 15 सितंबर रविवार को सुबह रक्तदान शिविर ओर शाम को सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।यहां 16 सितंबर को सुबह फज्र की नमाज के बाद परचम कुशाई होगी। वहीं 17 सितंबर को आम लंगर रखा गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बैंगलुरू में मध्यप्रदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़, रवि ने बनाए 57 रन



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा डॉ. (कैप्टन) के. थिम्माप्पिया मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 4 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (14-17 सितंबर) बैगलूरु, कर्नाटक में मध्यप्रदेश के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 4 विकेट खोकर 271 रन बनाए। मध्यप्रदेश की ओर से शुभम शर्मा ने 97 रन, कप्तान हरप्रीत सिंह ने 76 नाबाद तथा कनिष्क दुबे ने 63 रनों की पारी खेली तथा अपनी टीम को खराब शुरुवात से उबारा तथा टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुचांने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 19 ओवरों में 57 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। पहले दिन की समाप्ति तक मध्यप्रदेश ने 84 ओवरों में 4 विकेट खोकर 271 रन बना लिये हैं।

### वुमेंस टी-20 क्रिकेट के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। उक्त टीम 13 सितंबर से अहमदाबाद में आयोजित अंडर-19 वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

टीम में अनम खान, रायपुर, अर्चिता मिस्त्री, नारायणपुर, भाविका साहू दुर्ग, चांद चेलक बिलासपुर, कल्पना पांडे दुर्ग, ख्याति साहू रायपुर, किरण वर्मा रायपुर, महक नरवासे राजनंदगांव, मानसी उपाध्याय चांपा, नूतन कौशिक रायपुर, राधिका नेताम बस्तर, सेजल वर्मा (विकेट कीपर) रायपुर, श्रेया श्रीवास बीसीए, सिलमनी कंडुलना कोरबा और तानिया बेरिया बिलासपुर शामिल है। प्रतियोगिता का फायनल मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा।

### सेक्टर स्तरीय टेबल टेनिस में पेलोटी और गर्ल्स कॉलेज बने चैंपियन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा रायपुर सेक्टर अन्तर महाविद्यालय टेबल टेनिस (म/पु) प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे स्कूल में किया गया। जिसमें 15 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेताओ को छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अमिताभ बैनर्जी एवं पूर्व इंटरनेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ विपिन शर्मा पूर्व संचालक, टूर्नामेंट ऑब्जर्वर डॉ सुमित तिवारी, डॉ रामानन्द यदु, डॉ प्रमोद मेने, अनिल महोबिया, डॉ कर्मीष्ट शंभरकर, डॉ रिंकु तिवारी, शिव पांडे, गोपाल उरकुरकर, मुकेश सिन्हा, तुलाराम मांडले, लक्ष्मी साहू, दिव्या ज्योति सहित बड़ी सँख्या में क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे। बॉयज वर्ग के फायनल में सेंट विंसेंट पेलोटी की बॉयज टीम ने शास जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महा रायपुर को 3-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने मैक कॉलेज को एवं पेलोटी कॉलेज ने विज्ञान महा रायपुर को हराया। प्रथम सिंगल्स मैच में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के आयुष शर्मा ने पेलोटी के रामजी कुमार को 2-0 से हराकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई, दूसरे सिंगल्स में पेलोटी के लोकेश जांगड़े ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के गजेंद्र चौहान को 2-0 से हराकर स्कोर 1-1 से बराबर किया। तीसरे सिंगल्स में एबिस ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के अमित को 2-0 से हराकर 2-1 की बढ़त पेलोटी कॉलेज के पक्ष में की। रिवर्स सिंगल्स में पेलोटी के लोकेश ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के आयुष को 2-0 से हराकर अपनी टीम को विजेता का खिताब दिलाया।

बालिका वर्ग फायनल में शास दू ब महिला महा रायपुर ने पेलोटी कॉलेज रायपुर को 3-0 से हराकर विजेता बनी। इससे पूर्व दू ब महा ने यूटीडी रायपुर को 3-0 से, एवं पेलोटी महा ने सेठ फूलचंद नवापारा को 3-0 से हराकर फायनल में प्रवेश किया।

इस अवसर पर रायपुर सेक्टर की टीम चयन किया गया। जिसमे बॉयज टीम में रामजी कुमार, लोकेश जांगड़े (पेलोटी कॉलेज), आयुष शर्मा, गजेंद्र चौहान (छत्तीसगढ़ कॉलेज) एवं मुश्तबा रज़ा प्रगति कॉलेज शामिल है। गर्ल्स टीम में जाह्नवी महावर शास महाविद्यालय धमतरी,जया साहू,शास दू ब महिला महा,रायपुर,किरण यूटीडी, आस्था यूटीडी है।

---

किडनी ठीक तरीके से काम करना बंद कर दे तो संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है इसका असर

# कहीं आप खुद से ही तो नहीं पहुंचा रहे किडनी को नुकसान? ऐसी आदतें हैं तो तुरंत हो जाइए सावधान

किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। खून को साफ करने, शरीर से अपशिष्टों को बाहर निकालने से लेकर रसायनों को संतुलित करने में इस अंग की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। अगर इस अंग में कोई भी समस्या हो जाए या किडनी ठीक तरीके से काम करना बंद कर दे तो इसका असर संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है। लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने किडनी की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम में से ज्यादातर लोग रोजाना जाने-अनजाने कई ऐसे काम करते रहते हैं जिससे इस महत्वपूर्ण अंग के गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। किडनी की क्षति के शुरुआती चरणों में आमतौर पर कोई भी लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे समस्या बढ़ती जाती है और किडनी सही तरीके से काम नहीं कर पाती है, लोगों को कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। किडनी का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। आइए उन आदतों के बारे में जानते हैं जो किडनी की सेहत के लिए खतरनाक हैं और इनमें तुरंत सुधार करने की जरूरत है।



### पानी की कमी से खतरा

किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना। सभी लोगों को प्रतिदिन 8-10 गिलास पानी पीने की आदत बनाने की सलाह दी जाती है। अगर आप कम पानी पीते हैं तो ये आदत किडनी के लिए सबसे नुकसानदायक है। जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते हैं, तो किडनी को रक्त से विषाक्त पदार्थों को ठीक से छानने में कठिनाई होती है। विषाक्त पदार्थ किडनी में ही जमा होने लगते हैं इससे किडनी की कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है। किडनी स्टोन के लिए भी यही प्रमुख कारण है।

### किडनी को कैसे रखें स्वस्थ?

किडनी की स्वस्थ बनाए रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना सबसे जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, संतुलित आहार का सेवन, नियमित व्यायाम करना और हानिकारक आदतों से बचना किडनी की लंबी उम्र और स्वस्थ कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी कई आदतें ऐसी हैं जिन्हें अधिकतर लोग तो बहुत सामान्य मानते हैं पर असल में इससे किडनी को गंभीर नुकसान होता है।

### धूम्रपान बहुत हानिकारक


धूम्रपान और शराब की आदत भी किडनी के लिए खतरनाक है। धूम्रपान की आदत रक्त वाहिनियों को संकुचित कर देती है, जिससे किडनी तक रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता में कमी आ सकती है और कैंसर तक का खतरा हो सकता है। धूम्रपान छोड़ना किडनी और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

### कहीं आप भी तो नहीं खाते हैं ज्यादा नमक?

अधिक नमक खाने को ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ाने वाला माना जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि इससे किडनी को भी गंभीर क्षति होती है। नमक में मौजूद सोडियम की मात्रा किडनी पर दबाव डालती है और रक्तचाप को बढ़ा देती है। उच्च रक्तचाप किडनी की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए नमक का सेवन कम से कम करें और प्रोसेस्ड फूड्स भी कम खाएं।

### ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की दिक्कत

यदि ब्लड प्रेशर और डायबिटीज कंट्रोल में नहीं रहता है तो इससे भी किडनी को क्षति पहुंचने का जोखिम रहता है। हाई ब्लड प्रेशर रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इससे किडनी फेलियर का खतरा भी बढ़ जाता है। डायबिटीज रोगियों में किडनी की बीमारियों का खतरा और भी अधिक होता है। बचाव के लिए नियमित रूप से रक्तचाप और शुगर की जांच करवाएं और डॉक्टर के निर्देशानुसार दवाइयों का सेवन करें।



---



# नक्षत्र प्रभावित करते हैं हमारे दैनिक जीवन को

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रह-नक्षत्रों की चाल का विशेष महत्व होता है। ग्रह-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर जरूर पड़ता है। ग्रहों की चाल से जहां व्यक्ति के जीवन पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता तो वहीं नक्षत्रों की गणना से व्यक्ति के स्वभाव और जीवनशैली पर असर होता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में कुल 27 नक्षत्रों का विवरण है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इन 27 नक्षत्रों को दक्ष प्रजापति की पुत्रियां माना गया है। वैदिक ज्योतिष में ज्योतिषीय गणना के लिए कुल 12 राशियां होती हैं और आकाश को 27 नक्षत्रों में बांटा गया है। कुल 9 ग्रहों को इन 27 नक्षत्रों में बांटा गया है और हर एक ग्रह 3 नक्षत्रों के स्वामी होते हैं। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आकाश में तारा समूह को नक्षत्र कहा जाता है। नक्षत्रों की गणना के आधार पर ही ज्योतिषीय गणनाएं की जाती हैं और ये नक्षत्र चंद्रमा का पथ से जुडे हुए होते हैं। चंद्रमा लगभग 27 दिनों में पृथ्वी की पूरी परिक्रमा करता है। ऐसे में एक माह में चंद्रमा जिस भी मुख्य सितारों के समूहों के बीच भ्रमण करते हैं। चंद्रमा के द्वारा एक परिक्रमा करने में 27 अलग-अलग तारा समूह का निर्माण करते हैं। जिस प्रकार से सूर्य मेष से लेकर मीन राशि तक हर महीने भ्रमण करते हैं उसी प्रकार चंद्रमा सभी 27 नक्षत्रों में विचरण करते हैं। इस काल को ही नक्षत्रमास कहा जाता है। इस प्रकार 27 दिनों का एक नक्षत्र मास होता है।

**अश्विन नक्षत्रः** वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अश्विन नक्षत्र सभी 27 नक्षत्रों में पहला नक्षत्र होता है। यह नक्षत्र ज्योतिष शास्त्र में सबसे पहला और अहम माना जाता है। अगर आप अश्विन नक्षत्र वाले हैं तो आप बहुत ऊर्जावान और सक्रिय होंगे। अश्विन नक्षत्र वाले व्यक्ति बेहद महात्वाकांक्षी और बेचैन प्रकृति के होते हैं। हर काम जल्दबाजी में करना चाहते हैं और उसका नतीजा भी जल्दी से जल्दी चाहते हैं। कुछ रहस्यमय प्रकृति के होते हैं पहले काम कर लेते हैं, बाद में उसके बारे में सोचते हैं। इसलिए कई बार उन्हें कामकाज में नाकामयाबी भी मिलती है, लेकिन लगातार कोशिश करते रहने की वजह से ऐसे लोग



आगे भी तेजी से बढ़ते हैं। दांपत्य जीवन अच्छा होता है और परिवार में समृद्धि रहती है।

**भरणी नक्षत्रः** यह सभी 27 नक्षत्रों में दूसरा नक्षत्र होता है। इस नक्षत्र के स्वामी शुक्र ग्रह होते हैं। अगर आप भरणी नक्षत्र वाले हैं तो आराम पसंद और आलीशान जीवन जीने का सपना देखने वाले होंगे। इस नक्षत्र के लोग काफी आकर्षक, सुंदर, व्यवहारकुशल और मृदुभाषी होते हैं और इनका मिलनसार स्वभाव लोगों को आकर्षित करता है। धुन के पक्के होते हैं और जो ठान लेते हैं उसे हासिल करके दम लेते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान को अपना मूल मंत्र मानने वाले ये लोग प्रेम और सद्भाव के साथ काम करना पसंद करते हैं।

**कृत्तिका नक्षत्रः** इस नक्षत्र के लोगों पर सूर्य का प्रभाव होता है और इनमें आत्मसम्मान का भाव बहुत ज्यादा होता है। इन्हें जल्दी किसी पर भरोसा नहीं होता और इनका स्वभाव तुनकमिजाज होता है। इनमें ऊर्जा खूब होती है और कोई भी काम बहुत लगन और मेहनत से करते हैं। प्रेम में इनका भरोसा होता है और रिश्ते बनाने में माहिर होते हैं।

**रोहिणी नक्षत्रः** रोहिणी नक्षत्र के लोग काफी कल्पनाशील और रोमांटिक स्वभाव के होते हैं। इस नक्षत्र का स्वामी चंद्रमा होता है। इसमें जन्मे लोग काफी चंचल स्वभाव के होते हैं और स्थायित्व इन्हें रास नहीं आता। इनकी सबसे बड़ी कमी यह होती है कि ये कभी एक ही मुद्दे या राय पर कायम नहीं रहते। ये लोग स्वभाव से काफी मिलनसार तो होते ही हैं लेकिन साथ-साथ जीवन की सभी सुख-सुविधाओं को पाने की कोशिश भी करते रहते हैं।

---

# बेडरूम और किचन में वास्तु की गलतियां बना देंगी कंगाल, घर में बढ़ेगा क्लेश

हर व्यक्ति के अंदर अच्छी और बुरी आदतें होती हैं लेकिन कई बार ऐसा होता है कि जानें अनजाने में हमें वो आदतें हमें नुकसान पहुँचती है। अनजाने में हम गलतियां तो करते हैं लेकिन वास्तु के अनुसार ये गलतियां हमें आर्थिक रूप से कमजोर बना देती हैं। इतना ही नहीं इन गलतियों की वजह से घर में कलह भी बनी रहती है। वास्तु शास्त्र में इन छोटी-छोटी बातों का विशेष महत्व बताया गया है। वास्तु शास्त्र में कई ऐसी आदतें बताई गई हैं जिन्हें भूलकर भी नहीं दोहराना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार बेडरूम और किचन दोनों ही घर के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। ऐसे में किचन और बेडरूम से जुड़ी गलतियां आपको कंगाल बना सकती है। इतना ही नहीं रिश्तों में भी मनमुटाव हो जाता है। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो गलतियां जिन्हें करने से बचना चाहिए।



### बेडरूम से जुड़ी गलत आदतें

अक्सर लोग बेडरूम का इस्तेमाल डाइनिंग रूम की तरह करती हैं। यानि अक्सर लोग बिस्तर पर बैठकर भोजन करते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार बिस्तर पर बैठकर खाना खाने की आदत गलत होती है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी रुष्ट हो जाती हैं। इसके अलावा गंदे बिस्तर पर सोने से रात में बुरे सपने आते हैं और धन हानि भी होती है। कभी-कभी, हम अपना कप चाय या कॉफी बिस्तर के पास, बेडसाइड टेबल पर छोड़ देते हैं। अपने बिस्तर या कमरे में बिना धुले बर्तन न रखें। अन्यथा, यह गरीबी का कारण बन सकता है। आमतौर पर घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार अखबार या किताबों से जुड़ी कोई भी चीज तकिए के नीचे न रखें। ऐसी चीजों को सिर के नीचे रखने से जीवन में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है। ऐसे लोग जीवन में कभी तरक्की नहीं कर पाते हैं।

### किचन से जुड़ी गलत आदतें

वास्तु शास्त्र के अनुसार किचन में भोजन नहीं करना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसा करे से किचन झूठ हो जाता है और मां लक्ष्मी नाराज हो जाती है। इसीलिए स्थान की दिक्कत है तो तो रसोई से थोड़ी दूर बैठकर भोजन करें। रसोईघर में जूठे बर्तन छोड़ने से मां अन्नापूर्णा नाराज हो जाती है।

# गणेश विसर्जन के समय इन बातों का रखें ध्यान, प्रसन्न होंगे बप्पा



गणेशोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर होता है। पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस साल अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर को है। इस दिन गणपति बप्पा की मूर्ति को विसर्जित किया जाता है। इस दौरान भक्तजन बप्पा से अगले साल फिर से आने की कामना करते हुए, विधि विधान से पूजा करते हैं। इस दौरान कुछ खास बातों का ध्यान रखा जाता है, जिससे विसर्जन विधि के सफल होने की संभावना बढ़ जाती हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

### गणेश विसर्जन शुभ मुहूर्त

17 सितंबर 2024 को गणपति विसर्जन के लिए मुहूर्त सुबह 09:10 से दोपहर 01:46 तक रहेगा। इस दौरान अपराह्न मुहूर्त दोपहर 03:18 से शाम 04:50 बजे तक है। इसके अलावा सायाह्न मुहूर्त रात 07:51 बजे से रात 09:19 बजे तक रहने वाला है। आप इन मुहूर्त के अनुसार गणेश विसर्जन कर सकते हैं।

### गणेश विसर्जन के दौरान ध्यान रखें ये बातें

गणेश विसर्जन के दिन सबसे पहले पूरे परिवार के साथ गणपति बप्पा की पूजा करनी चाहिए। इस दिन गणेश जी को मोदक के भोग के साथ-साथ 56 भोग भी अर्पित करें। अगर आप विसर्जन करने जा रहें हैं, तो भूलकर भी काले या नीले रंग के कपड़े न पहनें। इसे अशुभ माना जाता है। इस दौरान गणेश जी की कृपा पाने के लिए दुर्वा की 21 गांठे चढ़ानी चाहिए। गणेश विसर्जन के दिन जब भी आप बप्पा की मूर्ति को घर से लेकर जाते हैं, तो पहले उसे पूरे घर में ले जाएं। ध्यान रखने कि जब भी आप बप्पा को घर से विदा करते हैं, तो उनका मुख घर की तरफ रखें और पीठ बाहर की तरफ। गणपति जी को विसर्जन स्थान पर ले जाने के बाद एक बार फिर से कपूर से आरती करनी चाहिए। इस दौरान गणेश पूजन में उपयोग हुई सामग्रियों को भी विसर्जित कर देना चाहिए। गणेश जी की मूर्ति को पानी में धीरे-धीरे विसर्जित करें। इसे एकदम से पानी में नहीं छोड़ना चाहिए।

---

कार्नर न्यूज

जमाना एडवेंचर स्पोर्ट्स का, लेकिन सावधानी जरूर बरतें

# सबसे खतरनाक एडवेंचर स्पोर्ट्स को करना चाहते हैं ट्राई, तो आप में होना चाहिए जुनून

आजकल अधिकतर युवाओं को रोमांचित कर देने वाली गतिविधियों में शामिल होना पसंद होता है। वह कुछ ऐसा करना चाहते हैं, जो खतरनाक होने के साथ ही मजेदार हो। इसके लिए वह अलग अलग तरह के एडवेंचर की तलाश में रहते हैं। युवा अक्सर ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां वह जगह को एक्सप्लोर करने के साथ ही रोमांच को भी अनुभव कर सकें। यही वजह है कि लोग किसी डरावनी जगह पर जाना चाहते हैं, तो कभी कोई ऐसे झूले व स्पोर्ट्स को एंजॉय करते हैं तो उनके जुनून को बढ़ा देता है। गर्मियों के मौसम में युवा वर्ग किसी ट्रिप का प्लान बनाते हैं, तो वह ऐसी जगह का चयन करते हैं, जहां उन्हें कई सारे एडवेंचर स्पोर्ट्स को ट्राई करने का मौका मिले। सोलांग वैली, ऋषिकेश और गोवा समेत कई जगहों पर एडवेंचर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाने को मिलता है।



### भारत में इन एडवेंचर स्पोर्ट्स का लुत्फ


एडवेंचर ट्रैवल का ट्रेंड है। भारत की पहाड़ी जगहों पर आप ट्रेकिंग, बंजी जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग आदि का लुत्फ उठा सकते हैं, तो वहीं समुद्र या पानी वाली जगहों पर जाकर रिवर राफ्टिंग, काइट सर्फिंग, बनाना राइड्स, स्नोर्केलिंग, पैरासेलिंग और पैराग्लाइडिंग और स्कूबा डाइविंग आदि का आनंद उठा सकते हैं।

### केव डाइविंग

शायद आपके स्कूबा डाइविंग के बारे में सुना होगा। इस स्पोर्ट में लोग पानी के अंदर के नजारे को एक्सप्लोर करते हैं। लेकिन इससे कहीं ज्यादा खतरनाक एडवेंचर स्पोर्ट्स केव डाइविंग है। इसमें पानी के अंदर मौजूद गुफा को एक्सप्लोर किया जाता है। सकरी गुफाओं में आप रहस्यमयी चीजों की तलाश में गोता लगाते हैं। इस बीच गुफा के कई खतरनाक जीव भी आपके सामने आ सकते हैं। यह एक्टिविटी बहुत ही मजबूत दिल के लोगों के होती है। फ्लोरिडा के इंडियन स्प्रिंग, ब्राजील के ग्रेट ब्लू होल, इटली के ब्लू ग्रोटो, न्यूजीलैंड के कैथेड्रल केव समेत कई देशों में केव डाइविंग का शानदार मौका मिलेगा।

### फ्री सोलो क्लाइंबिंग

आपने रॉक क्लाइम्बिंग की है, तो अब इसका एडवांस वर्जन ट्राई करें। यह और भी अधिक खतरनाक है। फ्री सोलो क्लाइंबिंग में किसी तरह के सेफ्टी गियर, रस्सियां आपको पहाड़ पर चढ़ाई करने को नहीं मिलती। ये बहुत ही खतरनाक एडवेंचर स्पोर्ट्स में गिना जाता है। आप उस सभी पर्वत पर फ्री सोलो क्लाइंबिंग कर सकते हैं, जहां आप रॉक क्लाइंबिंग करने जा सकते हैं।



### बुल रन

नाम की तरह ये रोमांचक कर देते वाली एक्टिविटी खतरनाक भी होती है। इसमें आठ से 10 सांड आपके पीछे छोड़ दिए जाते हैं और आपको उनसे अपनी जान बचानी होती है। स्पेन में बुल रन मशहूर है। हर साल स्पेन में बुल रन का आयोजन होता है, जिसमें लोग बहुत बुरी तरह जख्मी भी हो जाते हैं।

### आइस क्लाइंबिंग

बर्फीली चोटी पर चढ़ना भी कम खतरनाक नहीं। इस एक्टिविटी में न केवल आपको किसी पहाड़ की चढ़ाई करनी होती है, बल्कि ऐसे पहाड़ पर चढ़ना होता है, जो पूरी तरह से बर्फ से ढका हो। ठिठुरती ठंड में आइस क्लाइंबिंग की जाती है। लैंडस्लाइड के डर के बीच कई सेफ्टी उपकरणों के साथ आइस क्लाइंबिंग का लुत्फ उठाया जाता है। हिमालय की पहाड़ी, माउंट एवरेस्ट आदि पर इस स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एलियन की कहानी आखिरी पड़ाव पर 'वेनम-द लास्ट डांस' का ट्रेलर जारी



'वेनमः द लास्ट डांस' का नया रोमांचकारी ट्रेलर रिलीज हो गया है। टॉम हार्डी अपनी एंटी-हीरो गाथा की तीसरी किस्त में एडी ब्रॉक के रूप में वापस आ गए हैं। इस किस्त के साथ फ्रेंचाइजी का समापन हो जाएगा, जिस कारण दर्शकों के बीच इस किस्त के लिए और उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में सिंबियोट्स एक रहस्यमय प्राणी से भाग रहे हैं। टॉम हार्डी का एडी ब्रॉक यात्रियों से भरे विमान में एक एलियन जैसे राक्षस से लड़ता है और बाद में वेनम ब्रॉक को बताता है कि एलियन को उसके मालिक ने भेजा था। इस पर वेनम कहता है कि हमारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी उसे जरूरत है।

टॉम हार्डी अभिनीत फिल्म वेनमः द लास्ट डांस का नया ट्रेलर अधिक एक्शन और रोमांच का वादा करता है। वेनम फ्रेंचाइजी के इस अंतिम भाग में हार्डी का किरदार एडी अपने सिंबियोट्स वेनम के साथ दोबारा जुड़ता है। ट्रेलर साझा करते हुए जानकारी दी गई कि 'वेनमः द लास्ट डांस में टॉम हार्डी वेनम के रूप में लौट चुके हैं, जो कि मार्वल के सबसे महान और सबसे जटिल किरदारों में से एक है। एडी और वेनम भाग रहे हैं। अपनी दोनों दुनियाओं द्वारा शिकार किए जाने और जाल के करीब पहुंचने के साथ दोनों को एक विनाशकारी निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ट्रेलर की शुरुआत वेनम के विमान पर लटके होने से होती है और एडी ब्रॉक मिशन इम्पॉसिबलः रॉग नेशन से टॉम क्रूज के हवाई जहाज के स्टंट के बारे में मजाक करते हैं। जल्द ही वेनम एडी ब्रॉक को नूल द क्रिएटर के बारे में बताता है। वेनम एडी को मेगा लड़ाई के बारे में संकेत देता है, क्योंकि कई सिंबियोट्स धरती पर गिरते हैं और एडी और वेनम की तलाश करते हैं। टॉम हार्डी के अलावा, वेनमः द लास्ट डांस में चिवेटेल इजीओफॉर, जूनो टेम्पल,

### टॉलीवुड

## शादी का सवाल पूछने वाले की बोलती बंद कर दी श्रुति ने



कमल हासन की बेटी श्रुति हासन की गिनती दक्षित भारत की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में होती है। वह जल्द ही सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली में नजर आने वाली हैं। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा उत्साहित हैं। अभिनय के अलावा श्रुति अपने बेबाक अंदाज के लिए भी काफी ज्यादा मशहूर हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जवाब से लोगों के मुंह बंद कर दिया करती हैं। हाल ही में उनकी ओर से आयोजित एक सवाल जवाब के सत्र में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। दरअसल, श्रुति ने लोगों से कोई भी सवाल करने के लिए एक सत्र रखा था। इस दौरान जब एक शख्स ने उनसे पूछा कि आपने अभी तक शादी क्यों नहीं की? इस सवाल का मजेदार जवाब देते हुए श्रुति ने शख्स की बोलती बंद कर दी। अभिनेत्री ने एक खास तरह का फिल्टर यूज कर कहा, ₹आप अभी तक मूर्ख क्यों हैं।₹ बता दें कि हाल ही में श्रुति हासन का शांतनु हजारिका से ब्रेकअप हुआ है। कोविड-19 महामारी के बाद से ही दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। श्रुति हासन और शांतनु हजारिका मुंबई में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया करते थे। हालांकि, कुछ ही वर्षों में दोनों का रिश्ता टूट गया। इस साल मई के महीने में अभिनेत्री ने बताया था कि सिंगल हैं। श्रुति हासन ने इस सवाल जवाब वाले सत्र में रजनीकांत की कुली पर भी अपडेट दिया है। उन्होंने कहा, ₹यह बहुत बढ़िया चल रहा है। पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है।

### भोजपुरी

## जातिवाद पर करारा थप्पड़ है 'लछमिनिया', भेदभाव करने वालों को दिखाएगी आईना



फिल्म 'लछमिनिया' के निर्देशक रितेश एस कुमार ने जातिवाद पर अपनी फिल्म के माध्यम से जोरदार टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी हमारी जाति हमें शर्मिंदा कर देती है।' यह फिल्म जातिवाद आधारित मानसिकता पर सवाल उठाते हुए समाज की गंदी व्यवस्थाओं की आलोचना करती है। यह फिल्म बिहारी हिंदी भाषा में बनी है। फिल्म 'लछमिनिया' के निर्देशक रितेश एस कुमार ने फिल्म के बारे में अपनी चिंताओं को साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'लछमिनिया' जातिवाद की गहरी जड़ों को उजागर करती है, जो हमारे समाज में आज भी मौजूद हैं। यह फिल्म न केवल एक मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह हमारे समाज की उन कुरीतियों को सामने लाने का प्रयास है, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। फिल्म के मुख्य कलाकार सिंटू सिंह सागर ने कहा, 'हमारी फिल्म यह दिखाती है कि कैसे जातिवाद का घुन समाज के हर स्तर पर काम करता है और कैसे इसका प्रभाव निचली जातियों के लोगों की ज़िंदगी पर पड़ता है। फिल्म के माध्यम से, हम यह संदेश देना चाहते हैं कि हमें इन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ उठ खड़ा होना होगा और एक समान समाज की दिशा में कदम बढ़ाना होगा।' रितेश एस कुमार ने उम्मीद जताई कि 'लछमिनिया' दर्शकों को जागरूक करने में सफल होगी और यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## लेडी गागा का जलवा

आज पूरी दुनिया में मशहूर लेडी गागा संगीत की दुनिया के तमाम बड़े नामों में से एक हैं। जब वो कॉलेज में पढ़ा करती थी तो उनके साथ पढ़ने वाले कुछ लोगों को लगता था कि वो कभी प्रसिद्ध नहीं हो पाएगी। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में लेडी गागा के दोस्तों ने 'स्टेफनी जर्मनोटा, तुम कभी प्रसिद्ध नहीं होंगी' नाम से एक फेसबुक ग्रुप बना रखा था। ग्रुप के नाम से ही साफ है कि वे लोग क्या कहना चाहते थे। बता दें कि स्टेफनी जर्मनोटा, लेडी गागा का असली नाम हैं।



लाइफ स्टाइल

## सीखें शिमर आईलाइनर का सही तरीका



कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जिन्हें परफेक्ट लाइनर लगाने में दिक्कत होती है। खासकर आईलिड पर शिमर आईलाइनर लगाना। इस तरीके के लाइनर पार्टी लुक के लिए परफेक्ट होते हैं। लेकिन इन्हें लगाने के लिए आपको सही टिप्स और ट्रिक्स के बारे में पता होना चाहिए।

**स्टेप-1:** इसके लिए सबसे पहले अपनी आंखों की लीड पर कंसीलर को अप्लाई करें। फिर इसे लूज पाउडर से सेट करें। अब अपनी आईलिड पर डार्क शेड को लगाएं। इसे अच्छे से स्मज करें।

**स्टेप-2:** डार्क शेड को स्मज करके पीछे की तरफ डार्क ब्लैक शेड को अप्लाई करें। इसके बाद सेंटर पर कंसीलर लगाएं। फिर आगे की तरफ पिंक डर्क शेड को अप्लाई करें। अब आईलिड पर विंग शिमर आईलाइनर लगाएं। आंखों के ऊपर अप्लाई गए कलर को आंखों के नीचे वाले हिस्से पर भी लगाएं। काजल लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें।

**इन शिमर आई लाइनर कलर का करें इस्तेमाल:** इसके लिए आप सिल्वर कलर वाले शिमर आई लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन कलर भी मिल जाएगा। आप चाहे तो ब्रॉन्ज कलर को भी आंखों पर लगा सकती हैं। इसमें आपको मल्टी कलर वाले शिमर आईलाइन का पैलेट मिल जाएगा।

**इन तरीकों से लगा सकती हैं आईलाइनर:** आप विंग्ड आईलाइनर (फेस के हिसाब से लगाएं लाइनर) को पार्टी पर ट्राई कर सकती हैं। डबल आई लाइनर से भी आप अपनी आंखों को परफेक्ट बना सकती हैं। फ्लोटिंग आईलाइनर भी आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके से आप अपनी आंखों पर शिमर आई लाइनर लगाकर पार्टी लुक के लिए रेडी हो सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इससे आपका बोल्ड आई मेकअप लुक परफेक्ट तरीके से रेडी हो जाता है। तो इस बार पार्टी में जाने के लिए इसे ट्राई करें।

## दिखना है सबसे अलग तो पहनें पीकॉक वर्क वाली खास साड़ियां



फैशन

मार्केट में आपको साड़ी के कई सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप फेस्टिवल और शादी में स्टाइल कर सकती हैं। इनमें से कुछ डिजाइन ऐसे होते हैं जिन्हें पहनते-पहनते हम बोर हो जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो पीकॉक डिजाइन वाली साड़ियों को स्टाइल करें। ये दिखने में काफी सुंदर लगती हैं और खास मौके के लिए बेस्ट ऑप्शन होती हैं। इसको पहनकर आप भी खास रंग में रंग जाएंगी।




**डिजाइन-1:** अगर आपको सादगी पसंद है तो इसके लिए आप व्हाइट कलर के साथ इस पीकॉक साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ियां दिखने में बेहद सुंदर लगती हैं। इसमें आपको पूरी साड़ी में पीकॉक फेदर का डिजाइन मिलेगा और पल्लू में मोर बना मिलेगा। इस तरीके की साड़ी हैंडवर्क होती है पहनने में भी बेहद सुंदर लगती हैं। आप इन्हें ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी के कई सारे ऑप्शन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। आप इन्हें 250 से 500 की रेंज में खरीद सकती हैं।

**डिजाइन-2:** साड़ियों के अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप इस खास मौके पर पहन सकती हैं। इसमें आप पल्ले पर मोर का डिजाइन मिलेगा। इसी के साथ पूरी साड़ी (लंबी लड़कियों के लिए साड़ी डिजाइन) प्लेन मिलेगी। इसमें आप चाहे तो ग्रीन के अलावा और भी कलर को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको प्लेन वर्क भी मिल जाएगा। साथ ही हैवी वर्क में भी साड़ी खरीद सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ मोर पंख वाले इयररिंग्स भी स्टाइल कर सकती हैं।

**डिजाइन-3:** अगर आपको कॉटन साड़ी पहनना पसंद है तो इसमें भी आपको पीकॉक वर्क वाली साड़ी मिल जाएगी। इन साड़ियों में आपको सिर्फ पल्ले पर ही ये डिजाइन (सिंपल साड़ी डिजाइन) मिलेगा। पूरी साड़ी या तो प्लेन होगी वरना फ्लोरल या बॉक्स पैटर्न की होगी। इस तरीके की साड़ियां भी आजकल काफी ट्रेंड में है खास मौके पर आप इन्हें भी वियर कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि ये काफी कम्फर्टेबल होती हैं। मार्केट में ये साड़ी आपको 1000 से 1500 की रेंज में मिल जाएगी। अगर आप भी खास मौकों पर अलग तरीके से तैयार होना पसंद करती हैं तो ये साड़ी डिजाइन आपके लिए परफेक्ट हैं। इन्हें स्टाइल करें और खूबसूरत लगें।

## अनार देता है चमकता हुआ चेहरा सौंदर्य के लिए कीजिए इस्तेमाल



शरीर में जब भी खून की कमी होती है तो डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा अनार खाने की सलाह देते हैं। अनार खाने में तो स्वादिष्ट होता ही है, साथ में इसमें कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिनकी वजह से शरीर की कई परेशानियां दूर होती हैं। अनार के सेवन से त्वचा के साथ-साथ बाल भी काफी मजबूत बन जाते हैं। अनार को सभी जगह छील कर ही खाया जाता है। जूस निकालते वक्त भी इसका छिलका उतार कर फेंक दिया जाता है। अगर आप भी अनार का छिलका ऐसे ही फेंक देते हैं तो ये लेख आपके लिए है।

आज के इस लेख में हम आपको खूबसूरत त्वचा के लिए अनार के छिलकों का इस्तेमाल करना बताएंगे। दरअसल, अनार के छिलके में प्रोटीन, मिनरल्स, पोटैशियम, कैल्शियम, फेनोलिक एसिड, फ्लेवेनोइड्स, टैनिन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में आप इन छिलकों का इस्तेमाल करके दमकती हुई त्वचा पा सकते हैं।

### पिंपल्स को करता है दूर

लगातार बढ़ते धूल और प्रदूषण की वजह से चेहरे पर पिंपल्स की समस्या तो जैसे बेहद आम हो गई है। ऐसे में आप अनार के छिलकों का इस्तेमाल करके इस समस्या से राहत पा सकते हैं।

पिंपल्स को दूर करने के लिए आपको सबसे पहले अनार के छिलकों को सुखा लेना है। इसके बाद इन सूखे हुए अनार के छिलकों को एक पैन में अच्छे से भून लें। छिलकों को भून कर ठंडा करें और मिक्सी में पीस लें। इस मिक्सचर में नींबू का रस या गुलाब जल डालकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। कुछ ही दिनों में आपको असर दिखने लगेगा।

## ऑयली बालों की वजह से चेहरे का ग्लो कम



चेहरे का ग्लो कम होने के कई सारे कारण हो सकते हैं। वहीं इनमे से एक कारण बालों का ऑयली होना भी है। ऑयली बालों की वजह से पिंपल्स या एक्ने की समस्या पैदा हो जाती है और इस वजह से स्किन का ग्लो कम हो जाता है। वहीँ ऑयली बालों के बीच चेहरे का ग्लो कैसे बना रहे इसके लिए हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बात की और उन्होंने हमें एक उपाय बताया है जिसकी मदद से त्वचा से जुडी समस्या कम हो सकती है।

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि चारकोल स्क्रब की मदद से पिंपल्स और एक्ने की समस्या कम हो सकती हैं। वहीं चारकोल स्क्रब का इस्तेमाल करने से त्वचा का ग्लो भी बना रहेगा।

### इस तरह बनाएं चारकोल स्क्रब

नारियल के छिलके को जला ले। इस काले पदार्थ में पपीता जेल मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करें। चेहरे को धो लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

ऑयली बालों होने इनकी अच्कोछी तरह से साफ करें और इसके लिए हफ्ते में 2-3 बार बालों को शैंपू से धोएं। ऑयली बालों की वजह से पिंपल्स और एक्ने की समस्या न हो इसके लिए आप बालों को बाँधकर या हेयर क्लिप्स की मदद से बालो को चेहरे से दूर रखें। चेहरे को दिन में दो बार अच्छे फेस वॉश की मदद से साफ करें ताकि चेहरे पर जमा तेल साफ हो सकें और चेहरा ग्लो करें। चेहरे की देखभाल के लिए आप सही प्रोडक्ट्स चुनाव करें।

कार्नर न्यूज

### सवाल आपके भविष्य का है तो रहें सतर्क

## इंटरव्यू से पहले न करें ये 'स्टाइलिंग मिस्टेक', सिलेक्शन पर पड़ जाएंगी भारी

*आपकी समझदारी और जानकारी के साथ जिस एक चीज का फर्क आपके इंटरव्यू पर पड़ता है, वो है आपके कपड़े। अगर आपके कपड़े आप पर अच्छे नहीं लग रहे हैं तो इंटरव्यू में बेस्ट करने की कोशिश थोड़ी कमजोर पड़ सकती है। क्योंकि इंटरव्यू में सबसे पहला इम्प्रेशन आपके कपड़ों का ही पड़ता है। इसलिए कपड़ों के चुनाव में और फिर इन्हें पहनने से जुड़ी कुछ आम गलतियां आप बिल्कुल न कीजिए। इन गलतियों का खामियाजा आपको इंटरव्यू में भी भुगतना पड़ सकता है, तो चलिए इन गलतियों को पहचान लेते हैं-*



### सूट की फिटिंग

याद रखिए, आपके कपड़े अगर अच्छी फिटिंग वाले नहीं हैं तो लुक पर की गई मेहनत बेकार हो जाएगी। कम से कम ये फिटिंग की गड़बड़ी बाहर से नहीं दिखनी चाहिए। सूट की कंधों पर फिटिंग, बांह की लम्बाई और कोट की लेंथ, ये वो कुछ पॉइंट हैं, जिन पर आपको जरूर ध्यान देना चाहिए।

### जींस नहीं चलेगी

इंटरव्यू में जींस काम नहीं करती है। आपने प्रोफेशनल लुक वाला ब्लेजर पहन लिया है तो आपको लग रहा है कि आप सही दिखेंगे तो आप गलत हैं। आपको किसी भी स्टाइलिंग में जींस को इंटरव्यू में नहीं पहनना है। जींस फॉर्मल कपड़ों में शामिल ही नहीं है।

### ज्यादा न हो जाए

स्टाइलिंग से जुड़ी इतनी चीजें आ चुकी हैं कि कई दफा चुनना मुश्किल हो जाता है लेकिन हर चीज को इंटरव्यू में शामिल नहीं किया जा सकता है।

आप भी ऐसा न करें, जैसे बो टाई, मेटेलिक टाई और सूट के ऑफबीट रंग इंटरव्यू में सही नहीं लगते हैं। आप सूट के कलर पर तो ज्यादा ही ध्यान दें। डार्क कलर का सिंपल सूट ही इंटरव्यू में अच्छा लगता है।

### एक्सेसरीज भी हों फॉर्मल

इंटरव्यू के दौरान एक्सेसरीज फॉर्मल लुक वाली होनी चाहिए। ऐसा न हो आप सूट तो फॉर्मल पहनें हों पर आपकी घड़ी चंकी स्टाइल वाली हो। या फिर टाई का रंग बिल्कुल ब्राइट या चमकदार हो।



### स्नीकर को कहें ना

आपके पास भले ही स्नीकर का बेहतरीन कलेक्शन हो लेकिन इसे इंटरव्यू में न ही पहनें तो अच्छा है। स्नीकर अब कई सारे ऑफिस में एक्सेप्ट कर लिए गए हैं।